दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली ।। शनिवार 23 मार्च –2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 164 पेज-10 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




दैनिक समाचार पत्र

## करंट क्राइम

सिर्फ सच...

जिसका हमे था इंतज़ार, जिसके लिए दिल था बेक़रार,
वो घड़ी आ गई, आ गई ,
आज दैनिक करंट क्राइम के रंग में हमको रंग जाना है.
आज के दिन को यादगार बनाना है .

आज खूब जमेगा रंग, जब खेलेंगे
गाजियाबाद वाले होली एक संग !!

# महा होली मिलन समारोह

दिन: 23 मार्च, शनिवार सायं : 4:00 बजे से
स्थान : इम्पीरियल गार्डन एवं रिसोर्ट, हापुड़ रोड, गाजियाबाद

परम सानिध्य : श्री सुभाष चंद गुप्ता, डॉ. लक्ष्मीकांत त्रिपाठी
संरक्षक : श्री राकेश यादव, श्रीमती अंकिता गुप्ता, श्री विवेक भाटी

निवेदक
**श्री मनोज गुप्ता (सम्पादक), श्री दीपक भाटी ( समाचार सम्पादक)**
श्री सुभाष शर्मा, श्री गौरव शशि नारायण, श्री उदयवीर सिंह, श्री रविन्द्र शर्मा (कर्मयोगी),
श्री मुनीश बिल्सवी, श्री अभिषेक गर्ग, श्री हरीश कुमार,
श्री राजन माहेश्वरी, श्री मनोज डागर, श्री मनीष शिशोदिया, श्री नीरज पाल,
श्री शशांक शर्मा, श्री मुकेश वैद्य, श्री वरूण लाहौरिया, श्री शिवकुमार यादव, श्री वीरेंद्र कुशवाह,
श्री विष्णु गुप्ता, श्री जोगेंद्र सिंह, श्री अरूण वर्मा, श्री प्रमोद शर्मा, चौधरी अफसर अली,
श्री कोमल शर्मा, श्री विक्की सैनी, श्री तनिष्क चौधरी, श्री नितिन कुमार


www.currentcrime.com
दैनिक करंट क्राइम
होली महा महोत्सव
सुनील शर्मा:
(कैबिनेट मंत्री उ.प्र.)
हम भी हैं जोश में,
रहना सब होश में...
शाम 4 बजे से
इम्पीरियल गार्डन एवं रिसोर्ट
हापुड़ रोड,
गाजियाबाद।
क्रिएशन:
रविन्द्र शर्मा कर्मयोगी


www.currentcrime.com
दैनिक करंट क्राइम
होली महा महोत्सव
सचिन डागर
करंट क्राइम के होली महोत्सव में
मेरे ठंडाई स्टॉल पर
मेरी ठंडाई कर रही है
आपका इंतजार
शाम 4 बजे से
इम्पीरियल गार्डन
एवं रिसोर्ट हापुड़ रोड,
गाजियाबाद।
करंट क्राइम के चिंटु जी तीन दिन से
मेरी भांग पीकर टल्ली हैं दो-चार
को मैंने टारगेट
बना रखा है
क्रिएशन: रविन्द्र शर्मा कर्मयोगी


www.currentcrime.com
दैनिक करंट क्राइम
होली महा महोत्सव
सुरेंद्र नागर:
करंट क्राइम के होली महोत्सव से
मुझे नकाबपोश
को बेनकाब
करना है
हर एक पर रहेगी
मेरी निगाह...शाम 4 बजे से
इम्पीरियल गार्डन एवं रिसोर्ट
हापुड़ रोड,
गाजियाबाद।
क्रिएशन:
रविन्द्र शर्मा कर्मयोगी


www.currentcrime.com
दैनिक करंट क्राइम
होली महा महोत्सव
वीरेंद्र सारस्वत:
करंट क्राइम के होली महोत्सव में
होली में मेरा खतरनाक
अंदाज
रहेगा सबसे अलग...
शाम 4 बजे से
इम्पीरियल गार्डन एवं रिसोर्ट
हापुड़ रोड,
गाजियाबाद।
क्रिएशन: रविन्द्र शर्मा कर्मयोगी


www.currentcrime.com
दैनिक करंट क्राइम
होली महा महोत्सव
अनिल अग्रवाल 'सांवरिया'
जय श्री श्याम,
होली में रहेगा रंगों के साथ
खुश्बूदार फूलों का इंतजाम
आईए..
शाम 4 बजे से
इम्पीरियल गार्डन एवं रिसोर्ट
हापुड़ रोड,
गाजियाबाद।
क्रिएशन:
रविन्द्र शर्मा कर्मयोगी


www.currentcrime.com
दैनिक करंट क्राइम
होली महा महोत्सव
अजय गुप्ता:
मैं हूं बाहुबली, मुझसे शर्माता है खलि
करंट क्राइम है अपना परिवार
मुझसे करते हैं सब प्यार...
भूलना नहीं आना...
करंट क्राइम होली महोत्सव में
शाम 4 बजे से इम्पीरियल गार्डन
एवं रिसोर्ट हापुड़ रोड,
गाजियाबाद।
क्रिएशन:
रविन्द्र शर्मा कर्मयोगी


www.currentcrime.com
दैनिक करंट क्राइम
होली महा महोत्सव
बिजेंद्र यादव:
करंट क्राइम होली की चमक निराली,
रंगीन शमां हो गई मतवाली।
मिजाज सभी के अपने-2,
जुगत भिड़ावें न्यारी-न्यारी।
मिलते हैं
करंट क्राइम होली महोत्सव में
शाम 4 बजे से इम्पीरियल गार्डन
एवं रिसोर्ट हापुड़ रोड,
गाजियाबाद।
क्रिएशन:
रविन्द्र शर्मा कर्मयोगी


www.currentcrime.com
दैनिक करंट क्राइम
होली महा महोत्सव
प्रशांत चौधरी:
देर रात गीत लिखता,
मनाऊं होली का त्योहार में।
रंग बिरंगी होली खेलूं,
ऐसा करूं विचार मैं।
आ रहा हूं मैं...
करंट क्राइम होली महोत्सव में
शाम 4 बजे से इम्पीरियल गार्डन
एवं रिसोर्ट हापुड़ रोड,
गाजियाबाद।
क्रिएशन:
रविन्द्र शर्मा कर्मयोगी


www.currentcrime.com
दैनिक करंट क्राइम
होली महा महोत्सव
सुरेंद्र कुमार मुन्नी:
पूर्व विधायक
इस बार मेरा कॉस्टीयूम देखकर
नकाबपोश डर जाएगा.. वहीं धर लूंगा
उसे... बचके रहना नकाबपोश
आ रहा हूं मैं...
करंट क्राइम होली महोत्सव में
शाम 4 बजे से इम्पीरियल गार्डन
एवं रिसोर्ट हापुड़ रोड,
गाजियाबाद।
क्रिएशन:
रविन्द्र शर्मा कर्मयोगी


www.currentcrime.com
दैनिक करंट क्राइम
होली महा महोत्सव
गोपाल अग्रवाल:
करंट क्राइम के होली महोत्सव
की तैयारियां देखकर
मोगेम्बो खुश हुआ। आ रहा हूं मैं भी
करंट क्राइम होली महोत्सव में
शाम 4 बजे से इम्पीरियल गार्डन
एवं रिसोर्ट हापुड़ रोड,
गाजियाबाद।
क्रिएशन:
रविन्द्र शर्मा कर्मयोगी


www.currentcrime.com
दैनिक करंट क्राइम
होली महा महोत्सव
सुशांत गोयल:
करंट क्राइम होली के लिए,
तैयार रहना देखने को मेरी जादूगिरी।
बम बम शाका-लाका
ऐसी वैसी नहीं है मेरी जादूगिरी
करंट क्राइम होली महोत्सव में
शाम 4 बजे से इम्पीरियल गार्डन
एवं रिसोर्ट हापुड़ रोड,
गाजियाबाद।
क्रिएशन:
रविन्द्र शर्मा कर्मयोगी


www.currentcrime.com
दैनिक करंट क्राइम
होली महा महोत्सव
डोली शर्मा:
करंट क्राइम होली के लिए,
हमने भी सजा ली है होली की थाल।
हरा, गुलबी, नीला, पीला
रंगों से सजेगा पंडाल
करंट क्राइम होली महोत्सव में
शाम 4 बजे से इम्पीरियल गार्डन
एवं रिसोर्ट हापुड़ रोड,
गाजियाबाद।
क्रिएशन:
रविन्द्र शर्मा कर्मयोगी

दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली।। शनिवार 23 मार्च -2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित





▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अरुण जी के तरुण जी की अभी खत्म नहीं हुई है उम्मीद? सुना है उन्होंने अपने मन की घोषणा को लेकर लिया है 500 क्विंटन टन रंग खरीद? रख लिया है उन्होंने घंटा घर रामलीला मैदान में बहुत बड़ा प्रोग्राम? सुना है 6 हैलीकोप्टरों की भी उन्होंने की है यहां पर व्यवस्था? आसमान से पानी बरसाने का भी तैयार कर लिया है प्लान?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** देर रात आ गया राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल के पास पार्टी आलाकमान का बंद लिफाफे में संदेश? जैसे ही लिफाफा खोला मुस्कुरा रहा था उनका फेस? उनके फेस को उनके प्रिय हितकारी जी बड़ी ही गहराई से देख रहे थे श्रीमान? उनको ऐसा महसूस हो रहा था कि जैसे हो गया अग्रवाल जी का काम? तुरंत उन्होंने दे दिया कैटरिंग वाले को दस हजार लोगों की दावत का ऑर्डर? सुना है अग्रवाल जी ने ऐसा करते ही उनके कान में कही बात? कहा अपनी भावनाओं को विराम लगाओ? एक बार फाइनली घोषणा होने दो आप?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** सुना है भगवा कमांडर और पहलवान आजकल चल रहे हैं एक-दूसरे से नाराज? सार्वजनिक मंचों पर नहीं दिखाई दे रहे हैं आजकल एक साथ? मगर देर रात कुछ ऐसी हुई बात? गागर में सागर भरने वाले मिस्टर नागर और रेड फेस मैन सुनील यादव ने दोनों को एक रेस्टोरेंट में देख लिया एक साथ? कमांडर और पहलवान तैयार कर रहे थे साथ बैठकर प्लान? कह रहे थे हम जो सोच-समझकर एक-दूसरे से दूरियों का संदेश बनाकर चल रहे हैं? इससे कई विरोधियों के दिल के हालात हमें पता चल रहे हैं? जब से देखा है नागर और यादव जी ने यह नजारा तब से वो अब पार्टी कार्यालय पर नहीं मिल रहे हैं?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** होली के बाद आना है एक बहुत बड़ा ऐलान? सुना है कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को मिलना है अभी और मंत्रालयों का काम? नगर के विकास वाला विभाग भी आ सकता है उनके पास? इसके अलावा गृह मंत्रालय के भी कुछ दायित्व मिल सकते हैं उनके खास? जेड श्रेणी की सिक्योरिटी भी होने वाली है उनको जारी? होली के बाद फिर रंग बरसाएगी उम्मीदों भरी पिचकारी?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम आपको बात बता रहे हैं एकदम राइट? आज जब भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति लोकसभा उम्मीदवार का नाम फाइनल करने के लिए बैठेगी? तब पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी जी से ली जाएगी पूरी एडवाइज? पूछा जाएगा उनसे दस साल के सांसद जी के कार्यकाल पर सवाल? अब आप तो जानते ही हैं कि उन्हें क्या कहना है? उनकी लेखनी तो पहले ही पेश कर चुकी है अपने हाल-ए-दिल का खयाल?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** लोकसभा टिकट को लेकर भाजपा के पांचों विधायकों के पास आया था किसी एक नाम को लोकसभा के लिए तय करने का ऑफर? पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने दिया था पांचों को खुद में से एक चेहरा लोकसभा के लिए फाइनल करने का संदेश? मगर यहां पर भगवा पंज प्यारों के बीच में बिगड़ गई बात? सबके जग गए सांसद बनने के जज्बात? कोई भी नहीं था पीछे हटने को तैयार? सुना है आलाकमान वाले इंतजार ही करते रहे? मगर कोई भी नहीं था अपनी जिद छोड़ने को तैयार?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जनरली साहब की होली रहनी है इस बार लाजवाब? सुना है इस बार विशेष रूप से रूठे हुए सभी जनप्रतिनिधियों को होली मिलन कार्यक्रम में आने का भेजा गया है पैगाम? देखना अब यह है कि इन सबमें से कौन-कौन शामिल होता है श्रीमान? मगर होली मिलन होने से पहले सबका है आज बस टिकट के ऐलान होने पर ध्यान?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** देर रात अचानक खुल गई पांडे जी के प्रिय प्रबुद्ध पंकज शर्मा की नींद? सुना है वो साइकिल वाले भैया के साथ साइकिल चलाने का देख रहे थे ड्रीम? कर रहे थे सपने में वो समाजवादी पार्टी को मजबूत करने की भूमिका तैयार? तभी सपने में पांडे जी उन्हें पीछे से मारी पुकार? कहा हमें समझ नहीं आ रहा है हमसे यूं दूर होने का तराना? अचानक इस सीन के आते ही खुल गई पंकज भैया की नींद? फिर उन्होंने आह भरते हुए कहा भगवान क्या जरूरी था इस तरह का सपना हमको दिखाना?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आखिर टिकट को लेकर हाथ वाले सुशांत भैया के हाथ वाले विजेंद्र भैया को लेकर हो गए जज्बात आउट? कहा मुझे पता है आप मेरा ही टिकट कराना चाहते हो? बस दिल में रखते हो आप अपने अल्फाज? मेरे लिए पार्टी आलाकमान से नहीं बोल पाते हो? सुना है सुनकर सुशांत भैया की बात बहुत ही ज्यादा इमोशनल हो गए विजेंद्र भाई साहब? गाड़ी में मारा सेल्फ ले गए वो सुशांत जी को प्रियंका दीदी से मिलाने अपने साथ? कहा ये ही (सुशांत) जीत सकते हैं चुनाव? किसी और को टिकट मत देना आप?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आज होली मिलन कार्यक्रम में थोड़ा रहना सावधान? सुना है नाइस मैन सुपर कूल संजीव गुप्ता ने अपने बड़े-बड़े कूलर्स से गुलाल उड़ाने का बना लिया है प्लान? धरती फाड़कर रंग बरसाने को उनके कूलर आएंगे बाहर? सुरंग समर कूल की फैक्टरी से इम्पीरियल फार्म हाउस तक खोद दी गई है? बस अब कूलर से रंग बरसना ही बाकी रह गया है याद?

# पीएम की मौजूदगी में भाजपा चुनाव समिति की बैठक आज

## तय होंगे यूपी की 24 सीटों पर प्रत्याशी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा के केन्द्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की शनिवार को दिल्ली में बैठक होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में होने वाली सीईसी की बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह के अलावा यूपी के मुख्यमंत्री मंत्री योगी आदित्यानाथ, दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक,






**बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह के अलावा यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी रहेंगे मौजूद**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, महामंत्री संगठन धर्मपाल, भी मौजूद रहेंगे। सूत्रों का कहना है कि सीईसी की बैठक के बाद यूपी के शेष 24 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी। साथ ही सहयोगी दलों के कोटे की सीटे भी तय हो जाएंगी।

बता दें कि भाजपा ने अब तक यूपी में लोकसभा के 51 उम्मीदवारों की सूची जारी कर चुकी है। दो सीटें रालोद और एक सीट सुभासपा को दी गई है।

जबकि दो सीट अपना दल (एस) को दी जानी है। ऐसे में भाजपा के कोटे की शेष बची 24 सीटों पर उम्मीदवार तय होना है। इसके लिए 18 मार्च को दिल्ली में भाजपा कोर कमेटी की बैठक हुई थी, जिसमें यूपी लोकसभा के प्रत्याशियों के नाम पर मंथन हो चुका है। अब इस पर सीईसी की बैठक में मुहर लगनी है। इसके बाद सूची जारी कर दी जाएगी।

# आज हो सकता है गाजियाबाद लोकसभा के टिकट का फैसला

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आज दिल्ली में भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक होगी। इस बैठक में कई लोकसभा क्षेत्रों के टिकटों की घोषणा होगी। माना जा रहा है कि आज गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा टिकट पर छाया कोहरा छंट सकता है। आज गाजियाबाद लोकसभा के टिकट का फैसला हो सकता है। गौरतलब है कि भाजपा ने जब अपनी पहली सूची जारी की तो उसने जिन जिलों के टिकट होल्ड किए थे उनमें गाजियाबाद का नाम भी था। इसके बाद लगातार ये चर्चा चलती रही है कि यहां आखिर टिकट होल्ड को लेकर भाजपा हाईकमान का क्या स्टैंड रहा है। आज संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद गाजियाबाद लोकसभा के भाजपा उम्मीदवार की घोषणा हो सकती है। होल्ड हुए टिकट को लेकर आज सस्पेंस खत्म हो जाएगा और संसदीय बोर्ड का फैसला आ सकता है। गाजियाबाद लोकसभा सीट भाजपा की कंफर्म सीट मानी जाती है। इस सीट को भाजपा की वीवीआईपी सीट कहा जाता है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते हुए राजनाथ सिंह यहां से लोकसभा सांसद रहे हैं। मौजूदा समय में जनरल वीके सिंह यहां से लोकसभा सांसद हैं। वह गाजियाबाद से लगातार दो बार लोकसभा का चुनाव जीत चुके हैं। गाजियाबाद लोकसभा की बात करें तो यहां भाजपा का पैटर्न ठाकुर फैक्टर कर रहा है। यहां से रमेश चंद्र तोमर चार बार लोकसभा सांसद रहे हैं। उनके बाद राजनाथ सिंह यहां से भाजपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव जीते। राजनाथ सिंह के बाद यहां जनरल वीके सिंह वर्ष 2014 में लोकसभा चुनाव लड़े थे और उसके बाद वो वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव जीते। टिकट होल्ड के बाद यह भी चर्चा आम है कि क्या भाजपा अपनी इस सीट पर ठाकुर पैटर्न पर ही काम करेगी या इस बार वो कोई नया पैटर्न लाएगी। बहरहाल, जो कुछ भी होगा आज भाजपा की संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद स्पष्ट हो जाएगा।



**इस सीट को भाजपा की वीवीआईपी सीट कहा जाता है।**

# होली के त्योहार पर ना हो सड़क हादसे इसलिए एक्टिव रहेगी ट्रैफिक पुलिस

● **ट्रिपलिंग करने वालों से लेकर स्टंट करने वालों पर होगी कार्रवाई**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 25 मार्च सोमवार को होली का त्यौहार है और अभी से होली को लेकर माहौल बनने लगा है। ट्रैफिक पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों ने होली पर्व के अवसर पर थाना और ट्रैफिक पुलिस को विशेष निर्देश दिए हैं कि वह अलर्ट मोड पर रहे। इसी के साथ कमिश्नरेट के प्रमुख चिन्हित स्थानों पर यातायात पुलिस द्वारा ब्रेथ एनालाइजर का प्रयोग करते हुए शराब का सेवन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एडीसीपी ट्रैफिक वीरेंद्र सिंह ने जानकारी दी है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के प्रमुख स्थानों पर जो पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे उनके पास बॉडी वार्न कैमरे भी रहेंगे, ताकि शराब के नशे में लोग पुलिसकर्मियों के साथ बदसलूकी ना करें, कोई ऐसा करेगा तो उनकी पूरी रिकॉर्डिंग मौजूद रहेगी।






**सड़क हादसों में कमी लाना भी रहेगा टारगेट :** यातायात एसीपी जियाउद्दीन अहमद ने कहा है कि लोगों से अपील की गई है की होली के त्यौहार के उत्साह को ध्यान पूर्वक बनाएं। शराब और नशीले पदार्थों का सेवन कर वाहन नहीं चलाएं। सड़क पर हुडदंग ना मचाए। इस दौरान यातायात पुलिस सड़क हादसों में कमी लाने का प्रयास भी करेगी, पिछले साल होली के अवसर पर एक ही सड़क हादसा हुआ था जिसमें एक व्यक्ति घायल हुआ था।

**हेल्पलाइन नंबर भी किया जारी**

होली को लेकर ठीक प्रकार से यातायात व्यवस्था रहे, कहीं पर सड़क हादसे और परेशानी ना हो। इसको लेकर यातायात पुलिस द्वारा यातायात हेल्पलाइन नंबर 9643322904 और 0120-2986100 नंबर जारी किया गया है कि किसी भी आपात स्थिति और हादसे की सूचना देने के लिए नंबरों का इस्तेमाल किया जा सके।




# खुशियों के रंग से सराबोर रहें आप

रंगों के पर्व होली की सबसे पहले आप सबको शुभकामनाएं, हार्दिक बधाई देता हूं। सच कहूं तो मैं सही में आपके आने से,आपके पधारने से,आपकी इस भागीदारी से अभिभूत हूं। आपके आगमन पर मेरे पास सही मायने में शब्द ही कम पड़ जाते हैं कि कैसे आपके इस स्नेह का,आपके इस प्यार का आभार व्यक्त करूं। हकीकत भी यही है कि आप जिस अपनेपन के भाव से आते हैं और हमारी मेहनत को सफल कर देते हैं तो यही लगता है कि आप का प्यार हमेशा मुझे इस बात का अहसास कराता है कि मैं एक अखबार के सम्पादक के साथ साथ लाखों पाठकों के परिवार का भी मुखिया हूं। एक ऐसा परिवार जिसमें पाठक भी हैं,एक ऐसा परिवार जिसमें सहयोग के लिए हमेशा तैयार रहने वाले सदस्य भी हैं। आपका ये उत्साह,आपका ये उल्लास मेरे लिए इतना खास है कि मैं हमेशा ये मानता हूं कि हम सब एक अखबार नहीं बल्कि एक परिवार के सदस्य हैं। आप हमारे छोटे से उत्सव को अपनी मौजूदगी से महोत्सव बना देते हो। रंगों की इस मस्ती में आपकी हस्ती ने चार चांद ही लगा दिये हैं। आपके आने से होली का ये जश्न दोगुना हो गया है। करंट क्राइम परिवार के सभी सम्मानित पाठकों, सहयोगियों की भागीदारी ही तो सच में हमारी ताकत है। आप हमेशा इस बात का अहसास कराते हैं कि हम आपके दिल में हैं और आप हमारे लिए खास हैं। उम्मीद करता हूं कि आप सभी के जीवन में उल्लास का रंग रहे,खुशियों का गुलाल बरसता रहे और उमंगों का अबीर जीवन में हमेशा महकता रहे। आपके आने से ये महसूस हो रहा है कि हमारा परिवार हमारे संग होली में अपनी पावन भावनाओं के साथ शरीक हो रहा है। आज दैनिक करंट क्राइम होली महोत्सव को एक बार फिर से आप सभी के स्नेह का रंग मिल रहा है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूरे हर्ष के साथ होली की बयार में रंगों की बहार लेके हम सब आ गये हैं। होली पर्व आप सभी के जीवन में शुभ हो ऐसी कामना करता हूं। जीवन में हमेशा सकारात्मक विचारों के साथ ही हम समाचारों की इस दुनिया में अव्वल रहें। आप सभी की सहभागिता हमेशा एक परिवार की तरह रहे और हमें आपका प्यार मिलता रहे। खुशियों के गुलाल के साथ साथ व्यंजन की मिठास भी जुबान पर रहे। हमेशा आपके स्पेशल पलों की हम स्पेशल विश करें और खुशियों की पोस्ट करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे बने। रोज आपको उठते सवालों का करंट ऐसे लगे कि आप मुस्कराएं। दैनिक करंट क्राइम परिवार के होली महोत्सव में जिस उत्साह के साथ आप शामिल होते हैं उससे हमें एक नई उर्जा और एक नई प्रेरणा मिलती है। एक नये :उत्साह के साथ हम अगले वर्ष की तैयारी में लग जाते हैं। एक बार पुन : आप सभी के आने का इस होली महोत्सव में पधारने का दिल से आभार व्यक्त करता हूं। आप सभी को होली पर्व की शुभकामनाएं देता हूं। परमपिता परमेश्वर से कामना करता हूं कि आपके जीवन में खुशियों के रंग छाये रहें।

# चुनाव से पहले 8 पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में न्यायालय अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने चुनाव के मद्देनजर आरोपियों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। किसी पर लूटपाट का माल बरामद हुआ है, तो किसी पर चोरी और तस्करी के मामले दर्ज है। कुल मिलाकर आठ लोगों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई करते हुए 6 माह के लिए जिला बदर भी किया गया है। एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने जानकारी दी है कि यह सभी लोग अब 6 महीने तक जिला बदर रहेंगे। इसमें दुर्गेश निवासी प्रकाश नगर खोड़ा कॉलोनी पर कुल 19 मुकदमें अलग-अलग थानाक्षेत्र में दर्ज हैं। तो यामीन निवासी आकाश विहार थाना मसूरी, राजू उर्फ खिड़की थाना लिंक रोड, अभिषेक निवासी लोनी बॉर्डर पर सात मुकदमें, निजामुद्दीन थाना मसूरी, साजिद गुड्डू मसूरी शहनवाज उर्फ सज्जू भोजपुर, संतोष यादव निवासी कवि नगर पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है।

## इस वर्ष अब तक 103 लोगों पर की गई गुंडा एक्ट की कार्रवाई



**करंट क्राइम।** एडिशनल सीपी पुलिस कमिश्नरेट दिनेश कुमार पी ने बताया है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत वर्ष-2024 में अब तक कुल 103 विपक्षी और अभियुक्तों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है। सभी को 6 महीने के लिए जिला बदर किया गया है। इसमें से दो आरोपी ऐसे हैं जिनको स्थानीय थानों में हाजिरी देने का भी आदेश दिया गया है।

# होली पर कम चक्कर लगाएगी रैपिड रेल

## शाम को चार से आठ बजे तक रहेगी चालू




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में होली के दिन 25 मार्च को नमो भारत ट्रेन की सेवाएं शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक उपलब्ध रहेंगी। एक तरफ साहिबाबाद और दूसरी तरफ मोदीनगर नॉर्थ स्टेशन पर पहली ट्रेन शाम 4 बजे परिचालन शुरू करेगी। एनआरटीसी प्रवक्ता पुनीत वत्स ने शुक्रवार को ये जानकारी दी। उन्होंने बताया, होली पर्व के चलते दिन में परिचालन सेवाएं बंद रहेंगी। लेकिन शाम के वक्त इन्हें चार घंटे के लिए बहाल कर दिया जाएगा। वर्तमान में नमो भारत ट्रेनों का संचालन गाजियाबाद में साहिबाबाद से मोदीनगर नॉर्थ स्टेशन तक हो रहा है, जिसकी दूरी कुल 34 किलोमीटर है। इस बीच गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई, दुहाई डिपो, मुरादनगर और मोदीनगर साउथ स्टेशन भी पड़ते हैं। प्रत्येक 15 मिनट की फ्रीक्वेंसी पर ट्रेनें यात्रियों के लिए संचालित हो रही हैं।

## संपादकीय

# चुनौती बनता प्रदूषण

आज प्रदूषण की स्थिति देश में भयानग होती जा रही है। आज जनमानस जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर है। भारत की करीब 96 फीसदी आबादी जहरीली हवा में जीने को विवश है। प्रदूषण के लिए जिम्मेदार सूक्ष्मतम कण पीएम 2.5 होना चाहिए, लेकिन दिल्ली का पीएम 92.7 है। बांग्लादेश की राजधानी ढाका पीएम 80.2 के साथ दूसरे स्थान पर है। भारत के 7800 शहरों में से मात्र 9 फीसदी ही ऐसे हैं, जो मानकों पर खरे उतरते हैं। सिर्फ यही नहीं, सबसे प्रदूषित 50 शहरों में से 42 शहर भारत के हैं। प्रदूषण का यह स्तर भारत के लिए चुनौती ही नहीं, बल्कि संकट का रूप धारण करता जा रहा है। संकट इसलिए भी गहरा है, क्योंकि बिहार के बेगुसराय, पटना, असम के गुवाहाटी, अपेक्षाकृत छोटे शहर–रोहतक (हरियाणा) और मेरठ (उप्र)–भी प्रदूषित होते जा रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, पीएम 2.5 का सालाना औसत 5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से अधिक नहीं होना चाहिए, लेकिन बेगुसराय का यह स्तर बीते साल 118.9 था। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों से 23 गुना अधिक था। भारत में प्रदूषण के हालात का खुलासा स्विस एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग संस्था आईक्यूएयर की हालिया रपट में किया गया है। यह डाटा खुद भारत की सरकारों द्वारा दिया गया है, स्विस संस्था ने विश्व–संदर्भ में उन्हें संकलित किया है, लिहाजा संस्था पर आरोप लगाना आत्मघाती होगा। विडंबना है कि हवा, पानी, मिट्टी और जंगल सरीखे मुद्दों पर राजनीति नहीं की जाती। वे चुनाव में गौण ही रहते हैं। हमारी सत्ताओं की प्राथमिकता गरीबी हटाओ और औद्योगिक प्रगति ही रही है। औद्योगिक क्रांति के 200 सालों के दौरान औद्योगिक औजारों ने प्रदूषण को इतना बढ़ा दिया है कि सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है। पहले संकट दिल्ली समेत कुछ महानगरों तक ही सीमित समझा जाता था, लेकिन स्विस संस्था की रपट ने पूरे भारत के संकट को बेनकाब किया है।

भारत की 130 करोड़ से अधिक आबादी जहरीली हवा के शहरों में बसी है। यदि भारत का सच यही है, तो भारत को प्रदूषण का देश करार देना गलत नहीं होगा। दरअसल जिस गति से भारत का शहरीकरण हुआ है या सरकार स्मार्ट सिटी बनाने की परियोजना पर काम कर रही है, उसमें प्रदूषण प्राथमिकता पर नहीं है। उस गति से प्रदूषण के कारकों का डाटा भी उपलब्ध नहीं है। यदि बेगुसराय, गुवाहाटी, रोहतक, मेरठ आदि अपेक्षाकृत छोटे शहरों में प्रदूषण के खतरनाक कारक सामने आए हैं, तो उस लिहाज से राजधानी दिल्ली जानलेवा गैस चैंबर कही जा सकती है। अक्तूबर से फरवरी के दौरान दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक 400–500 रहता है। उसका औसत भी 250–300 तक रहता है, जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। भारत के जो 83 शहर आईक्यूएयर की सूची में हैं, वहां प्रदूषण के स्रोतों और कारकों को लेकर शायद ही कोई अधिकृत सूचना उपलब्ध है। बेगुसराय का ही उदाहरण लें। वहां 2022 में पीएम 2.5 का स्तर 20 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर था। एक ही साल में 6 गुना प्रदूषण कैसे बढ़ गया, उसके मद्देनजर कोई अधिकृत बयान, जवाबदेही या रपट नहीं है। संभव है कि स्विस रपट के बाद नेताओं और नौकरशाहों के कान पर कोई जूं रेंगने लगे। भारत के वायु प्रदूषण का यथार्थ यह है कि आधा प्रदूषण तो हानिकारक गैसों के कॉकटेल की वजह से है। कृषि, उद्योग, बिजली के प्लांट, परिवहन और घरेलू श्रेणी में जो प्रदूषण के कारक हैं, वे एक शहर से दूसरे शहर और राज्य–दर–राज्य यात्रा करते हैं। लिहाजा नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत विभिन्न इलाकों, शहरों, छोटे शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों पर एक लक्ष्यबद्ध हस्तक्षेप किया जाता है।

# दिल्ली हाई कोर्ट से कांग्रेस को झटका, आयकर विभाग की कार्रवाई के खिलाफ याचिका खारिज




**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने आयकर अधिकारियों की ओर से कांग्रेस के खिलाफ तीन लगातार वित्तीय वर्षों 2014-15, 2015-16 और 2016-17 के लिए शुरू की गई कर पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही के खिलाफ पार्टी की ओर से दायर याचिकाओं पर 20 मार्च को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।

दिल्ली हाई कोर्ट ने आयकर विभाग की ओर से कांग्रेस के खिलाफ शुरू की गई पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही को चुनौती देने वाली पार्टी की याचिकाओं को शुक्रवार को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा और न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव की पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा हम रिट याचिकाओं को खारिज करते हैं। विस्तृत आदेश का इंतजार है। उच्च न्यायालय ने आयकर अधिकारियों की ओर से कांग्रेस के खिलाफ तीन लगातार वित्तीय वर्षों 2014-15, 2015-16 और 2016-17 के लिए शुरू की गई कर पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही के खिलाफ पार्टी की ओर से दायर याचिकाओं पर 20 मार्च को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। कुछ समय पूर्व पार्टी के प्रवक्ता अजय माकन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि आयकर विभाग ने 2018-19 के आयकर रिटर्न के आधार पर कांग्रेस और यूथ कांग्रेस के खातों को फ्रीज कर दिया है। उन्होंने कहा था कि आयकर विभाग ने इन दोनों खातों से 210 करोड़ रुपये की रिकवरी का भी आदेश दिया है।

उन्होंने कहा कि हमारे अकाउंट में जो भी क्राउडफंडिंग से जुटाई गई राशि है, उसे हमारी पहुंच से दूर कर दिया गया है। माकन ने कहा था कि चुनाव के एलान से महज दो हफ्ते पहले ही विपक्षी पार्टी का अकाउंट फ्रीज कर दिया गया।

यह लोकतंत्र को फ्रीज करने जैसा है। माकन ने बताया कि इस खाते में एक महीने की सैलरी भी दी है। हमने आयकर विभाग को उन दानकर्ताओं के नाम भी दिए हैं।

# सरकारी बैंकों का एनपीए छह माह में 3.5 फीसदी तक रहने की उम्मीद, फिक्की-आईबीए ने जारी की रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** सर्वेक्षण में शामिल 77 प्रतिशत बैंकों के एनपीए में पिछले छह माह में गिरावट आई है। निजी क्षेत्र के बैंकों की तुलना में सरकारी बैंकों की संपत्ति गुणवत्ता में अधिक सुधार हुआ है। जुलाई से दिसंबर, 2023 के बीच यह सर्वे किया गया था। इसमें निजी, सरकारी और विदेशी बैंकों सहित कुल 23 बैंकों ने भाग लिया। देश के सरकारी बैंकों के बुरे फंसे कर्ज यानी एनपीए में पिछले छह माह में गिरावट आई है। अगले छह माह में इनके और घटकर 3 से 3.5 फीसदी तक आने की उम्मीद है। फिक्की और इंडियन बैंक एसोसिएशन की ओर से जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इस अवधि में निजी क्षेत्र के 67 फीसदी बैंकों के भी एनपीए में गिरावट आई है। सर्वेक्षण में शामिल 77 प्रतिशत बैंकों के एनपीए में पिछले छह माह में गिरावट आई है। निजी क्षेत्र के बैंकों की तुलना में सरकारी बैंकों की संपत्ति गुणवत्ता में अधिक सुधार हुआ है। जुलाई से दिसंबर, 2023 के बीच यह सर्वे किया गया था। इसमें निजी, सरकारी और विदेशी बैंकों सहित कुल 23 बैंकों ने भाग लिया। इन सभी की बाजार हिस्सेदारी 77 फीसदी है। सभी सरकारी बैंकों के एनपीए में कमी आई है।

### खाद्य प्रसंस्करण और कपड़ा क्षेत्र में ज्यादा एनपीए

खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्र में ज्यादा एनपीए हैं। अगले छह महीनों में 41 प्रतिशत बैंकों को गैर–खाद्य उद्योग कर्ज वृद्धि 12 प्रतिशत से ऊपर रहने की उम्मीद है। 18 प्रतिशत को लगता है कि गैर–खाद्य उद्योग कर्ज वृद्धि 12 प्रतिशत से अधिक होगी।




# टिकट पर टकटकी लगाए हैं खाकी वाले



पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में इन दिनों खाकी वालों को भी खादी वालों को लेकर पूरी दिलचस्पी दिखाई दे रही है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि आईपीएस अधिकारियों से लेकर पीपीएस और थानों के प्रभारी से लेकर चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी यह जानने में जुटे हुए हैं कि गाजियाबाद से अगले सांसद के लिए किसका नाम फाइनल होगा। कोई सरनेम जानने में लगा है, तो कोई चेहरा पूछ रहा है। कुल मिलाकर खाकी वालों के बीच इस बार के चुनावी समर में अलग ही सीन नजर आ रहा है। खाकी वालों के लिए खादी को लेकर इतनी उत्सुकता पहले देखने को नहीं मिली है। सुनने में तो यहां तक आ रहा है कि एक खास सर्किल के अधिकारी तो बता रहे हैं कि डंका उन्हीं की बिरादरी वाले का बजेगा। वहीं सुनने में आ रहा है कि दिल्ली विशेष ड्यूटी पर जाने वाले पुलिसकर्मियों से लेकर लखनऊ कनेक्शन वाले पुलिसकर्मियों के बीच जमकर व्हाट्सएप कॉल भी हो रही है। हर खाकी वाले का मकसद और प्लान सबका एक है कि 2024 का नाम कौन रहेगा। इसी के साथ पुलिस विभाग वाले सूत्र बता रहे हैं कि किसी कमिश्नरेट के लिए भी गाजियाबाद लोकसभा से कोई खबर आ सकती है। वहीं दिल्ली में लगातार बैठकों का दौर चल रहा है, पर फाइनल नाम किसका होगा, कौन चेहरा होगा और कितने मार्जिन से जीतेगा इसको लेकर गॉसिप खत्म नहीं हो पा रही है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि इन दिनों लाइन और साइड लाइन चल रहे पुलिसकर्मियों के बीच भी इस टॉपिक की चर्चा हो रही है। सुनने में तो यहां तक आया है कि आजकल दो नेताओं का नाम उन कार्यालय में भी सुनाई दे रहा है जहां की सूचनाओं को बेहद सटीक और सुरक्षित माना जाता है। वैसे कहा भी जाता है कि खाकी और खादी के बीच सूचनाओं को लेकर शह और मात का खेल चलता है। अब देखना होगा कि होली से पहले किस खेमे में अधिक उल्लास देखने को मिलता है। वैसे इन सबके बीच थानों में नए उपनिरीक्षकों की फौज अब दिखने लगी है। कई थानों में तो भरपूर संख्या में महिला पुलिस बल भी नजर आने लगा है। वहीं अब देखना होगा कि खाकी की खादी वाली जिज्ञासा कब तक पूरी होती है।

# पहले मुकदमा दायर, अब शेयर बाजार में तगड़ा झटका

## एक ही दिन में गंवाए 113 अरब डॉलर



**नई दिल्ली।** अमेरिकी न्याय विभाग और 16 स्टेट अटॉर्नी जनरल ने गुरुवार को एपल के खिलाफ एक एंटीट्रस्ट मुकदमा शुरू किया है। वहीं, यूरोप में कंपनी को इस बारे में जांच का सामना करना पड़ रहा है कि क्या वह क्षेत्र के डिजिटल बाजार अधिनियम का अनुपालन कर रही है। आईफोन बनाने वाली कंपनी एपल की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। पहले एपल पर उपभोक्ताओं और छोटी कंपनियों को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगा और अब शेयर बाजार में बड़ा झटका लगा है।

**एंटीट्रस्ट मुकदमा शुरू :** दरअसल, अमेरिकी सरकार ने एपल पर एंटीट्रस्ट कानूनों का उल्लंघन करने का मुकदमा दायर किया है। अमेरिकी न्याय विभाग और 16 स्टेट अटॉर्नी जनरल ने गुरुवार को एपल के खिलाफ एक एंटीट्रस्ट मुकदमा शुरू किया है। वहीं, यूरोप में कंपनी को इस बारे में जांच का सामना करना पड़ रहा है कि क्या वह क्षेत्र के डिजिटल बाजार अधिनियम का अनुपालन कर रही है।

**शेयर बाजार में एपल को झटका:** भारत में पिछले एक दशक में मोबाइल का उत्पादन तेजी से बढ़ा है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर के दौरान अमेरिका को भारत का स्मार्टफोन निर्यात बढ़कर 3.53 अरब डॉलर हो गया था, जो वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 99.8 करोड़ डॉलर था। हालांकि, अब गुरुवार को एपल कंपनी के शेयर 4.1 फीसदी फिसल गए। इससे एक ही दिन में कंपनी के बाजार मूल्य में करीब 113 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज की गई।

यह पहली बार नहीं है जब एपल किसी जांच के घेरे में आया है। कंपनी और उससे जुड़े लोग वर्षों से प्रतिस्पर्धियों को दबाकर खुद को लाभ पहुंचाने जैसे आरोपों का सामना कर रहे हैं। हालांकि, जैसे-जैसे एपल के उत्पाद अधिक लोकप्रिय हुए हैं और दुनिया भर में दैनिक जीवन का एक हिस्सा बन गए हैं, तब से प्रशासन भी इसके प्रति सतर्क हो गया है।

**यह हैं आरोप :** एपल ने एंटीट्रस्ट लॉ का उल्लंघन कई नीतियों को रिस्ट्रिक्ट और कंपटीशन को रोककर किया है, जो अन्य कंपनियों को डिजिटल वॉलेट जैसे अपने प्रोडक्ट को कंपटीट करने वाले एप्लिकेशन पेश करने से रोकती है। इससे संभावित रूप से आईफोन का मूल्य कम हो जाता। न्यू जर्सी डिस्ट्रिक्ट के लिए अमेरिकी जिला न्यायालय में दायर मुकदमे के अंश के अनुसार, एपल के कार्यों से उपभोक्ताओं और उसकी सेवाओं के साथ कंपटीशन करने वाली छोटी कंपनियों को नुकसान होता है। सरकार का दावा है कि एपल के इस आचरण ने पिछले कुछ वर्षों में उसके स्मार्टफोन एकाधिकार को मजबूत किया है, जिससे अनुचित लाभ हुआ है।

## राशिफल

**मेष:** सोशल मीडिया पर आपकी कुछ हरकतों को देखकर आपका प्रेमी नाराज हो सकता है। किसी पोस्ट पर आपत्ति कर सकते हैं।

**वृष:** आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहेगा। आप अपने पार्टनर के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिता पाएंगे। नए संबंध बनाने के लिए भी समय अच्छा रहेगा।

**मिथुन:** आपका प्रेमी कुछ रोमांटिक योजना बना सकता है लेकिन आप उसकी बातों पर ज्यादा ध्यान नहीं देंगे।

**कर्क:** आज का दिन आपके लिए यादगार साबित हो सकता है। आप अपने पार्टनर के साथ खूबसूरत समय बिता पाएंगे।

**सिंह:** प्रेमी के लिए अच्छा दिन कहा जा सकता है। रिश्तों में पहले से ज्यादा गहराई और जुनून देखा जा सकता है। आप प्रेम–संबंध में जिस मुकाम पर पहुंचे हैं।

**कन्या:** आज का दिन आपके लिए कठिन रहने के आसार हैं। पार्टनर से किसी न किसी बात पर झगड़ा होगा। जिससे आपके बीच अनबन हो सकती है।

**तुला:** पुराने संबंधों की याद आज ताजा हो सकती है जिससे मन में उदासी रहेगी. आप जितना भूलने की कोशिश करेंगे, आप उतने ही परेशान होंगे।

**वृश्चिक:** नए प्रेम संबंध में धोखा मिलने के योग हैं। शादीशुदा जातकों के प्रेम जीवन में तनाव की स्थिति रहेगी। किसी कारणवश गंभीर झगड़ा हो सकता है।

**धनु:** यदि आप दोनों के बीच कुछ समय से कुछ अनबन चल रही है तो आप दोनों इस बारे में बात कर सकते हैं।

**मकर:** आज आपके लिए विवाह प्रस्ताव आ सकते हैं। अगर आप किसी को चाहते हैं तो उसके बारे में अपने परिवार वालों से बात करना न भूलें।

**कुंभ:** किसी मित्र के कारण प्रेम संबंधों में दरार आ सकती है या गलतफहमियां पैदा हो सकती हैं। अपनी तरफ से ऐसा कुछ होने से रोकें।

**मीन:** आज का आज किसी जरूरी काम में आपको अपने लव पार्टनर का सहयोग मिलेगा। जिससे आपका मानसिक तनाव दूर होगा।

## चुटकुले

टीचर– इतने दिन कहां थे, स्कूल क्यों नहीं आए?
गोलू– बर्ड फ्लू हो गया था मैम।
टीचर– पर ये तो पक्षियों को होता है इंसानों को नहीं।
गोलू– इंसान समझा ही कहां आपने...रोज तो मुर्गा बना देती हो..!!

---

दो लड़कियां बस में सीट के लिए लड़ रही थीं
कंडक्टर– अरे क्यों लड़ रही हो,
जो उम्र में सबसे बड़ी है वो बैठ जाए
फिर क्या, पूरे रास्ते दोनों खड़ी ही रहीं।

---

लडका : मैं उस लडकी से शादी करुंगा,
जो मेहनती हो,
सादगी से रहती हो,
घर को संवारकर रखती हो,
आज्ञाकारी हो।
प्रेमिका : मेरे घर आ जाना,
ये सारे गुण मेरी नौकरानी में है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया की पहली हॉस्पिटल ट्रेन भारत के पास है। जिसका नाम लाइफ लाइन ट्रेन है।
- एक सामाजिक अध्ययन के अनुसार संसार की महिलाये करीब 18 ट्रिलियन डॉलर कमाती हैं। लेकिन उनके खर्चे करीब 28 ट्रिलियन डॉलर होते हैं।
- क्या आप जानते हैं कि सऊदी अरब देश में एक भी नदी नहीं है।
- क्या आप जानते हैं की हीरे की खोज सबसे पहले भारत में ही की गयी थी।
- क्या आप जानते हैं कि शैम्पू की खोज सबसे पहले भारत में ही हुई थी।
- प्लास्टिक सर्जरी का अविष्कार भारत में ही हुआ था।
- क्या आप जानते हैं साल 1880 में थाईलैंड की रानी डूब रही थी लेकिन उसे बचाने उसके नौकर भी नहीं आये थे। क्योंकि थाईलैंड की रानी को छूना मना था।
- क्या आप जानते हैं की दुनिया में सबसे पुराना झंडा डेनमार्क देश का हैं जो 13 सदी से लगाया जा रहा है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी


होली महा महोत्सव
पंकज शर्माः
मौका मिल गया गा कर बता देंगे
करंट क्राइम के होली महोत्सव में
चकाचक गाने सुनने को जाएं तैयार..
शाम 4 बजे से
इम्पीरियल गार्डन
एवं रिसोर्ट हापुड़ रोड,
गाजियाबाद
क्रिएशन : रविन्द्र शर्मा कर्मयोगी


होली महा महोत्सव
पप्पू पहवान, महानगर महामंत्री
(रॉकस्टार)
करंट क्राइम के होली महोत्सव में
डांस करना अनिवार्य है... इस बार
धोबी पछाड़ फ्रीस्टाइल वाला पहलवानी डांस
सिखाऊंगा.... हो जाओ होशियार
शाम 4 बजे से
इम्पीरियल गार्डन
एवं रिसोर्ट हापुड़ रोड,
गाजियाबाद
फ्रीस्टाइल क्लास लेनी हो तो 1 घंटा
पहले पहुंचे और संपर्क करें
क्रिएशन : रविन्द्र शर्मा कर्मयोगी


होली महा महोत्सव
रुद्रप्रताप त्यागी उर्फ जियान
मेरा गला है इतना सुरिला
जिसे सुनकर कानो से रंग निकलना
शुरू हो जाता है... करंट क्राइम के
होली महोत्सव में मेरा गाना
सुनकर भगदड़ ना मचे तो कहना
आ जाओ कल
शाम 4 बजे से
इम्पीरियल गार्डन
एवं रिसोर्ट हापुड़ रोड,
गाजियाबाद
क्रिएशन : रविन्द्र शर्मा कर्मयोगी


होली महा महोत्सव
के के शर्माः
करंट क्राइम के होली महोत्सव में
होली में आने वाले
स्पेशल लड्डू
खाने के लिए आना मेरे पास
साथ में मिलेगी स्पेशल ठंडाई...
शाम 4 बजे से
इम्पीरियल गार्डन एवं रिसोर्ट
हापुड़ रोड,
गाजियाबाद।
क्रिएशन : रविन्द्र शर्मा कर्मयोगी


होली महा महोत्सव
मोहित अरोड़ाः
करंट क्राइम के होली महोत्सव
में हर सूखे को गिला करेंगे
होली है.. शाम 4 बजे से
इम्पीरियल गार्डन एवं रिसोर्ट
हापुड़ रोड,
गाजियाबाद।
क्रिएशन :
रविन्द्र शर्मा कर्मयोगी


होली महा महोत्सव
नितिन मावीः
करंट क्राइम के होली महोत्सव में
पहुंचने वालो हम भी रंगों के वेराइटिज
के साथ पहुंचेंगे
खेलेंगे मिलकर होली
शाम 4 बजे से
इम्पीरियल गार्डन एवं रिसोर्ट
हापुड़ रोड,
गाजियाबाद।
क्रिएशन : रविन्द्र शर्मा कर्मयोगी


होली महा महोत्सव
बालकिशन गुप्ताः
करंट क्राइम के होली महोत्सव से
पहले मेरे सूत्रों ने बताया है
बहुत से लोग काफी तैयारी में
आ रहे हैं मैंने भी अपने लोगों से कह
दिया है अपनी तैयारी किसी
से कम ना हो...शाम 4 बजे से
इम्पीरियल गार्डन एवं रिसोर्ट
हापुड़ रोड,
गाजियाबाद।
क्रिएशन :
रविन्द्र शर्मा कर्मयोगी


होली महा महोत्सव
डॉ. अतुल कुमार जैन
करंट क्राइम के होली महोत्सव में
नकाबपोश को
सिर्फ स्पाईडरमेन ढूंढेगा... इस बार
उसे बेनकाब करके गाजियाबाद वालो
को बताना है असली हीरो स्पाईडरमेन है
कार्यक्रम शाम 4 बजे से
शुरू होगा इम्पीरियल गार्डन
एवं रिसोर्ट हापुड़ रोड, गाजियाबाद
में लेकिन मैं 2 घंटा पहले पहुंचकर
नकाबपोश पर नजर रखूंगा
क्रिएशन : रविन्द्र शर्मा कर्मयोगी


होली महा महोत्सव
इंद्रजीत सिंह टीटू
करंट क्राइम के होली महोत्सव में
जमकर होगा भंगड़ा...
ओए बल्ले-बल्ले-बल्ले
रालोद-भाजपा जिन्दाबाद
जिन्दाबाद, जिन्दाबाद
कार्यक्रम शाम 4 बजे से
शुरू होगा इम्पीरियल गार्डन
एवं रिसोर्ट हापुड़ रोड,
गाजियाबाद
क्रिएशन : रविन्द्र शर्मा कर्मयोगी


होली महा महोत्सव
विवेक भाटीः
करंट क्राइम के होली महोत्सव में
मेरा स्टाइल रहेगा सबसे निराला
बुरा मानोगे, मानते रहो
जब अपुन ने रंग डाला
आपका इंतजार शाम 4 बजे से
इम्पीरियल गार्डन एवं रिसोर्ट
हापुड़ रोड,
गाजियाबाद।
क्रिएशन : रविन्द्र शर्मा कर्मयोगी


होली महा महोत्सव
अनिल अग्रवालः
सदस्य राज्यसभा
करंट क्राइम के होली महोत्सव में
सभी के रंग में रंगने का प्रयास करूंगा
मुझे पता है आपका प्यार है मेरे साथ...
शाम 4 बजे से
इम्पीरियल गार्डन एवं रिसोर्ट
हापुड़ रोड,
गाजियाबाद।
क्रिएशन : रविन्द्र शर्मा कर्मयोगी


होली महा महोत्सव
अनुज मित्तलः
करंट क्राइम के होली महोत्सव
हमारे साथ लट्ठ मार होली
खेलने के लिए हो जाएं तैयार
होली है..शाम 4 बजे से
इम्पीरियल गार्डन एवं रिसोर्ट
हापुड़ रोड,
गाजियाबाद।
क्रिएशन :
रविन्द्र शर्मा कर्मयोगी

# नम आंखों से दी गई स्वर्गीय पार्षद उर्मिला चौहान को श्रद्धांजलि



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम वार्ड 19 की पार्षद उर्मिला चौहान का 14 मार्च को निधन हो गया था। बीजेपी के अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री पूर्व नामित पार्षद प्रदीप चौहान की धर्म पत्नी स्वर्गीय उर्मिला चौहान की शोक सभा ग्रैंड पेटल बैंकेट हाल में शुक्रवार को आयोजित की गई। बीजेपी पार्षद स्वर्गीय उर्मिला चौहान को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए पूरा शहर उमड़ पड़ा। बीजेपी विधायक, सांसद, मेयर, संगठन पदाधिकारी कार्यकर्ता पार्षद सहित सभी वर्गों के लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में सड़कों पर उमड़े भूटान के लोग

## बोले- हम खुशनसीब, भारत हमारा दोस्त

**थिंफू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर भूटान में हैं। प्रधानमंत्री आज सुबह ही नई दिल्ली से भूटान की राजधानी थिंफू के लिए रवाना हुए और कुछ घंटे बाद भूटान पहुंच गए। पीएम मोदी के भूटान दौरे को लेकर भूटान के लोग बेहद खुश हैं और उनकी खुशी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जगह-जगह थिंफू की सड़कों के किनारे लोग पीएम मोदी के स्वागत के लिए खड़े दिखाई दिए।

प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत में बड़ी संख्या में बच्चे भी सड़क किनारे खड़े दिखाई दिए। बच्चों ने अपने हाथों में भारत और भूटान के झंडे पकड़े हुए थे। प्रधानमंत्री मोदी ने भी बच्चों को निराश नहीं किया और लोगों से मिलते हुए बच्चों को उन्होंने दुलार किया।

कई स्कूलों के बच्चे भी पीएम मोदी के स्वागत में अपने हाथों में तिरंगा झंडा पकड़े दिखाई दिए। एक स्कूली छात्र ने कहा कि 'भूटान खुशनसीब है कि हमें भारत जैसा दोस्त मिला है।' भूटान को जब भी मदद की जरूरत हुई है, भारत ने हमेशा साथ दिया है। छात्र ने भारत द्वारा जरूरत के समय की गई आर्थिक मदद और कोरोना के समय वैक्सीन उपलब्ध कराने की भी तारीफ की।



थिंफू की रहने वाली एक महिला ने इस बात की उम्मीद जताई कि पीएम मोदी के भूटान दौरे से दोनों देशों के संबंध और मजबूत होंगे। पीएम मोदी का थिंफू के पारो एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत किया गया। एयरपोर्ट पर पीएम मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। भूटान के पीएम शेरिंग तोबगे ने एयरपोर्ट पर पीएम मोदी का स्वागत किया। भूटान की राजधानी में जगह जगह पीएम मोदी के स्वागत में पोस्टर बैनर लगाए गए हैं।

पीएम मोदी के भूटान दौरे पर दोनों देशों के संबंधों को बढ़ाने पर फोकस किया जाएगा। भारत और भूटान के बीच राजनयिक संबंधों की शुरूआत 1968 में हुई थी। भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक कई बार भारत का दौरा कर चुके हैं। पिछले साल नवंबर में भी भूटान नरेश ने भारत का दौरा किया था।

# शिकागो से शुरू होगी राम मंदिर रथ यात्रा

## 60 दिनों में 48 राज्यों के 851 मंदिरों का किया जाएगा दौरा

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के शिकागो से सोमवार को राम मंदिर रथयात्रा शुरू होगी। यह यात्रा अगले 60 दिनों में आठ हजार से भी अधिक मील की दूरी तय करते हुए 48 राज्यों के 851 मंदिरों तक जाएगी।

रथयात्रा का आयोजन करने वाले विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका के महासचिव अमिताभ मित्तल ने बताया कि टोयोटा सिएना वैन के ऊपर बने रथ में भगवान राम, देवी सीता, लक्ष्मण और हनुमान की मूर्तियां होंगी। उनके साथ अयोध्या के राम मंदिर से विशेष प्रसाद और प्राण प्रतिष्ठा पूजित अक्षत का कलश ले जाया जाएगा।



### शिकागो से शुरू होगी रथ यात्रा

रथयात्रा 25 मार्च को अमेरिका के शिकागो से शुरू होगी और करीबन आठ हजार मील की दूरी तय करेगी। यात्रा के दौरान अमेरिका के 851 मंदिरों और कनाडा के 150 मंदिरों का दौरा किया जाएगा। कनाडा में होने वाली रथ यात्रा का आयोजन विश्व हिंदू परिषद ऑफ कनाडा ने किया है।

हिंदू मंदिर सशक्तिकरण परिषद (एचएमईसी) की तेजल शाह ने कहा, इस रथ यात्रा का उद्देश्य लोगों को हिंदू धर्म के बारे में जागरूक करना, शिक्षित करना और सशक्त बनाना है। यह यात्रा सभी हिंदुओं को एकजुट होने का मौका दे रही है। उन्होंने आगे कहा, हमारे लिए और हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए जागरुकता बढ़ाने और दुनिया भर में हिंदू धर्म का प्रसार करने के अभियान में एकजुट होना बहुत जरूरी है।

### हनुमान जयंती पर होगा समापन

विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका के महासचिव अमिताभ मित्तल ने बताया कि कई लोग वीएचपीए के जरिए इस यात्रा की योजना बनाने और आयोजन में मदद करने के लिए आगे आए हैं। अमेरिका में यह पहली बार ऐसा हो रहा है कि हिंदू समुदाय द्वारा इस तरह की यात्रा का आयोजन किया गया है।

# डीपफेक वीडियो का शिकार हुईं इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी

## एक लाख यूरो का मांगा मुआवजा

**रोम।** इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी डीपफेक का शिकार हो गई हैं। उन्होंने डीपफेक अश्लील वीडियो बनाने और उसे ऑनलाइन डालने के आरोपी से एक लाख यूरो का हजार्ना मांगा है। भारतीय मुद्रा में यह करीब 90 लाख रुपए के बराबर है। दावा है कि दो लोगों ने मेलोनी का चेहरा वयस्क फिल्म स्टार के चेहरे पर लगाया और उसे अमेरिकी पोर्न वेबसाइट पर अपलोड कर दिया।



आरोपियों में पिता-पुत्र शामिल है। बेटे की उम्र 40 साल और उसके पिता की उम्र 73 साल है। दोनों ने मिलकर मेलोनी का अश्लील वीडियो बनाया। दोनों आरोपियों पर मेलोनी ने मानहानि का मुकदमा दायर किया है। दोनों गिरफ्तार कर लिए गए हैं। पुलिस ने कहा, उसने मोबाइल डिवाइस को ट्रैक करके आरोपी को ढूंढा। इसका इस्तेमाल उन्होंने वीडियो को ऑनलाइन पोस्ट करने के लिए किया था। डीपफेक वीडियो 2022 में उनके देश के पीएम बनने से पहले का है। इस वीडियो को तब से लाखों बार देखा जा चुका है। मेलोनी ससारी कोर्ट में 2 जुलाई को गवाही देंगी।

### मुआवजे की राशि दान करेंगी मेलोनी


पीएम मेलोनी की कानूनी टीम ने कहा, हजार्ने की मांग करना एक प्रतीकात्मक कार्रवाई है। मेलोनी मुआवजे की पूरी राशि हिंसा की शिकार महिलाओं की सहायता के लिए दान करेंगी।

## मेडिकल की बड़ी सफलता ने किडनी की बीमारी से जूझ रहे लोगों के लिए खोले नए द्वार

# दुनिया में पहली बार सुअर की किडनी से हुआ ट्रांसप्लांट

**वाशिंगटन।** डॉक्टरों अनुवांशिक रूप से संशोधित सूअर की किडनी का जीवित इंसान में पहला प्रत्यारोपण करने में सफलता हासिल की है। उन्होंने गुरुवार को इसकी जानकारी दी है।

मेडिकल क्षेत्र की बड़ी सफलता ने किडनी की बीमारी से जूझ रहे लोगों के लिए संभावना के नए द्वार खोल दिए हैं। शनिवार को मैसेच्युसेट्स जनरल अस्पताल में चली 4 घंटे की सर्जरी में डॉक्टरों ने इस उपलब्धि को हासिल किया। 1954 में इसी अस्पताल में दुनिया का पहला किडनी ट्रांसप्लांट हुआ था। डॉक्टरों ने बताया कि 62 वर्षीय रिक स्लेमैन की हालत में सुधार हो रहा है और जल्द ही उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज किया जा सकता है।



डॉक्टरों ने बताया कि नई किडनी वर्षों तक चल सकती है, लेकिन साथ ही ये भी स्वीकार किया कि जानवरों से मानवों में प्रत्यारोपण में अभी भी कई बातों का पता लगाया जाना बाकी है। फिलहाल, इस सफलता से भविष्य में पशुओं के अंगों के अधिक ट्रांसप्लांट की उम्मीद जगी है। इसके पहले ब्रेन-डेड लोगों में परीक्षण के तौर पर सुअर की किडनी प्रत्यारोपित की जा चुकी है, लेकिन जीवित मनुष्य में इस तरह का ये पहला मामला है।

### हजारों लोगों के लिए उम्मीद

स्लेमैन ने बयान में कहा, ₹मैंने इसे केवल अपनी मदद के तौर पर नहीं, बल्कि उन हजारों लोगों को उम्मीद के रूप में देखा, जो किडनी की गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं।

बहुत सारे मरीज डोनर इंतजार कर रहे हैं, लेकिन मानव दाता अंगों की लंबे समय से कमी है। अमेरिका में हर दिन 17 लोग किसी न किसी अंग के इंतजार में मर जाते हैं। इनमें किडनी के डोनर की सबसे ज्यादा कमी है। जानवरों के अंगों के सफल प्रत्यारोपण से इस समस्या को हल करने में मदद मिल सकती है।

### 2018 में मरीज को लगाई गई थी इंसान की किडनी

सीएनएन की खबर के अनुसार, अस्पताल द्वारा दिए गए एक लिखित बयान में, स्लेमैन ने कहा कि वह 11 वर्षों से अस्पताल के प्रत्यारोपण कार्यक्रम में एक मरीज थे। कई वर्षों तक डायबिटीज और उच्च रक्तचाप से पीड़ित रहने के बाद 2018 में उन्हें एक इंसानी किडनी ट्रांसप्लांट की गई थी। पांच साल बाद उस किडनी में खराबी के लक्षण दिखने लगे और 2023 में उनका डायलिसिस फिर से शुरू कर दिया गया। उन्होंने आगे कहा, जब पिछले साल उनकी किडनी की समस्या आखिरी चरण में पहुंच गई तो डॉक्टरों ने उन्हें सुअर की किडनी लेने का सुझाव दिया।

## सिख विवाह अधिनियम में संशोधन की तैयारी

# 18 से कम उम्र के लोग नहीं कर सकेंगे शादी

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के पहले सिख मंत्री रमेश सिंह अरोड़ा ने कहा है कि प्रांतीय सिख अधिनियम में संशोधन होंगे, जिसके तहत 18 साल से कम उम्र के सिख शादी करने के लिए अयोग्य होंगे। बुधवार को पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (पीएसजीपीसी) की एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए रमेश सिं अरोड़ा ने कहा कि पाकिस्तान के सिख अधिनियम में नए संशोधन अल्पसंख्यक समुदाय के पक्ष में होने जा रहे हैं।

### सिख एक्ट में कई संशोधनों की सिफारिश- रमेश सिंह अरोड़ा

अल्पसंख्यक मामलों के प्रांतीय कैबिनेट मंत्री रमेश सिंह अरोड़ा ने कहा कि सिख आनंद विवाह अधिनियम 2018 में 18 वर्ष से कम उम्र के सिखों को विवाह के लिए अयोग्य बनाने समेत कुछ संशोधन किए जाएंगे और इसे जल्द ही कैबिनेट द्वारा मंजूरी दे दी जाएगी।



बैठक में लाहौर, ननकाना साहिब, पांजा साहिब, डेरा साहिब और पेशावर से हेड ग्रांटी भी शामिल हुए। बैठक के दौरान सिख एक्ट में कई संशोधनों की सिफारिश की गई।

**'शादी के 30 दिनों के अंदर रजिस्टार को जमा करना होगा फार्म' :** संशोधित कानून के मुताबिक, विवाह गुरु ग्रंथ साहिब की शिक्षाओं के अनुसार होगा।



# शोक संदेश

मान्यवर,

प्रभु इच्छा से हमारे पूज्य पिताजी प्रधान **श्री रामनाथ सिंह त्यागी जी (प्रधानाचार्य)** की आत्मा सोमवार दिनांक 11.3.2024 को परमात्मा के श्रीचरणों में विलीन हो गई है। उनकी अरष्टी (रस्म पगड़ी) 23.3.2024 दिन शनिवार को होनी निश्चित हुई है ।

## कार्यक्रम

हवन ........................................ 9.00 बजे प्रातः
बह्मभोज ........................................ 11.00 बजे प्रातः
रस्म पगड़ी ........................................ 2.00 बजे सायं

स्थान : टाइटेनिक फार्म, जी.टी. रोड, गांव छपरौला गौतमबुद्ध नगर मो. : 9310479354, 9911647800, 7982104488

## शोकाकुल परिवार

**मुकेश त्यागी (पुत्र), नगेंद्र त्यागी (पुत्र)**

**भाई** - मूलचन्द त्यागी, जनेश त्यागी, सतीश त्यागी, अनिल त्यागी
**भतीजे** - ज्ञानेन्द्र त्यागी, पुरुषोत्तम त्यागी, नीरज त्यागी, अनिल त्यागी, संजीव त्यागी, लविंक त्यागी, मुनीष त्यागी, अजय त्यागी, अरुण त्यागी
**भांजे** - राहुल त्यागी, अंकित त्यागी ।। **पौत्र** - शिवम त्यागी, सत्यम त्यागी, स्वास्तिक त्यागी, चिराग त्यागी, तेजस त्यागी, राघव त्यागी, हर्ष त्यागी ।।
**धेवते** - लक्ष्य त्यागी, भानू त्यागी



















## गुर्जर भवन समिति ने मनाया होली मिलन समारोह














गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कविनगर स्थित गुर्जर भवन में आयोजित होली मिलन समारोह में सभी ने एक दूसरे को होली पर्व की शुभकामनाएं दी। गुर्जर युवा मंगल दल द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में मुख्य भूमिका पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी की रही। इस होली मिलन समारोह के निवेदक पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी ने कहा कि होली का पर्व जीवन में आनंद का संदेश है। होली मिलन समारोह में राजनीति की प्रमुख हस्तियां भी मस्ती में नजर आई। खुशनुमा माहौल में सभी ने इस कार्यक्रम का आनंद लिया।














Ravindra Tyagi
1 h
आज चेन्नई में IPL उदघाटन मैच देखने का अवसर मील रहा है BCI ने बहुत अच्छी व्यवस्था की हुई है हमको अक्षय कुमार, टाईगर श्रॉफ ,राजीव शुक्ला जी जय शाह जी अनुराग ठाकुर जी के साथ BCI पवेलियन शेयर करने का मोका मिला
+2

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वीवीआईपी मैन प्रवीण त्यागी और रविंद्र त्यागी क्रिकेट की दुनिया में अपना एक मुकाम रखते हैं। चेन्नई में आईपीएल उदघाटन मैच में बीसीआई पैवेलियन को वीवीआईपी मैन प्रवीण त्यागी और रविंद्र त्यागी ने जय शाह, राजीव शुक्ला, टाइगर श्रॉफ, अनुराग ठाकुर के साथ साझा किया। इस पल को रविंद्र त्यागी ने फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर केंद्र पर बरसीं ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने शुक्रवार को दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर केंद्र पर हमला बोला। टीएमसी ने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव से पहले सुनियोजित तरीके से विपक्ष के नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। टीएमसी ने आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। वहीं टीएमसी के आरोपों पर भाजपा ने भी पलटवार किया है और कहा है कि जो दिल्ली में हुआ, वो बंगाल में भी हो सकता है। ममता बनर्जी ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को बताया 'लोकतंत्र पर हमला' ईडी ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को दिल्ली शराब घोटाला मामले में गुरुवार की रात गिरफ्तार कर लिया। केजरीवाल की गिरफ्तारी पर पश्चिम बंगाल की सीएम और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने इसे लोकतंत्र पर हमला बताया। ममता बनर्जी ने कहा कि विपक्षी गठबंधन के नेताओं को गिरफ्तार किया जा रहा है। गठबंधन के नेता चुनाव आयोग से मिलकर अपनी आपत्ति दर्ज कराएंगे। ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की निंदा की और आरोप लगाया कि जनता द्वारा चुने गए मुख्यमंत्रियों को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। वहीं जो लोग भाजपा के साथ हैं, उन्हें बेशर्मी के साथ पूरी छूट दी जा रही है। चुनाव आयोग में शिकायत करेंगी विपक्षी गठबंधन की पार्टियां ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'यह लोकतंत्र पर हमला है। आज हमारे विपक्षी गठबंधन के नेता चुनाव आयोग से मिलेंगे और विपक्षी नेताओं को जानबूझकर निशाना बनाए जाने पर अपनी कड़ी आपत्ति दर्ज कराएंगे। टीएमसी की तरफ से चुनाव आयोग की बैठक में डेरेक ओ ब्रायन और मोहम्मद नदीमुल हक पार्टी का प्रतिनिधित्व करेंगे।' टीएमसी के वरिष्ठ नेता शांतनु सेन ने भी केजरीवाल की गिरफ्तारी को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बताया और कहा कि भाजपा अभी भी ईडी, सीबीआई का इस्तेमाल कर रही है।



### भाजपा का पलटवार

टीएमसी के आरोपों पर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि भाजपा की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति है और राज्य में भी ऐसे हालात देखने को मिल सकते हैं, जैसे राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'बीते महीने झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन गिरफ्तार हुए। अब दिल्ली के सीएम केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया है। इससे पता चलता है कि सीएम होने के मतलब ये नहीं है कि इससे आपको छूट नहीं मिलेगी। ऐसे ही आरोप कुछ वर्षों से बंगाल में भी लग रहे हैं, इसलिए बंगाल में भी दिल्ली जैसा कुछ हो सकता है।

# डिंपल सीख गईं राजनीति के वो गुर, जिससे मुलायम ने विरोधियों को किया था चित

**मैनपुरी।** मैनपुरी लोकसभा चुनाव की मझधार पार करने के लिए सांसद डिंपल यादव ने इस बाद खुद ही पतवार थाम ली है। अकेले ही वे इस बार चुनावी मैदान में उतरी हैं। जनता के बीच जा रही हैं और संगठन से रायशुमारी कर जनता के बीच अपनी पकड़ बना रही हैं। ऐसे में डिंपल कहीं न कहीं अपना खुद का वजूद गढ़ रहीं हैं। सांसद डिंपल यादव ने 2009 में सियासत में अपना पहला कदम रखा था। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की ओर से फिरोजाबाद सीट छोड़ने के चलते यहां हुए उपचुनाव में वे सपा प्रत्याशी थीं। यहां वे कभी अखिलेश यादव तो कभी धर्मेंद्र यादव या परिवार के अन्य सदस्यों के साथ नजर आती थीं। हालांकि इस चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। वहीं, 2012 और 2014 में वे कन्नौज से सांसद चुनी गईं। यहां भी प्रचार के दौरान अखिलेश या परिवार का कोई न कोई सदस्य उनके साथ ही रहा। 2019 में कन्नौज लोकसभा सीट से चुनाव हारने के बाद उन्होंने मैनपुरी से 2022 में लोकसभा उपचुनाव लड़ा। नेताजी मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद ये सीट खाली हुई थी। यहां भी प्रचार में अखिलेश यादव साये की तरह उनके साथ नजर आए। अखिलेश की गैर मौजूदगी में कभी देवर पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव तो कभी भतीजे पूर्व सांसद तेजप्रताप यादव ने उनका साथ दिया। लेकिन 2024 के आम चुनाव में अब डिंपल यादव नए कलेवर में नजर आ रही हैं। इस बार वे अकेले ही मैनपुरी की कमान संभाले हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जहां लखनऊ में व्यस्त हैं तो वहीं धर्मेंद्र यादव भी आजमगढ़ से प्रत्याशी बनाए जाने के बाद व्यस्त चल रहे हैं। पूर्व सांसद तेजप्रताप यादव भी मैनपुरी में नजर नहीं आ रहे हैं। हालांकि डिंपल यादव ये बता चुकी हैं कि तेजप्रताप का स्वास्थ्य ठीक नहीं है। कारण चाहे जो हो, लेकिन राजनीतिक जानकार इसे अलग नजरिये से देख रहे हैं। उनका मानना है कि डिंपल यादव किसी न किसी का सहारा लेने वाली छवि से बाहर निकल रही हैं। यही कारण है कि वे इस बार मैनपुरी में बीते डेढ़ माह से लगातार अकेले ही लोगों के बीच जा रही हैं। फिलहाल होली तक के लिए उनके कार्यक्रम स्थगित कर दिए गए हैं। होली के बाद फिर बार उनका मैनपुरी में भ्रमण शुरू हो जाएगा। संगठन से लगातार ले रही हैं फीडबैक डिंपल यादव संगठन से भी लगातार फीडबैक ले रही हैं। इसके लिए आवास विकास स्थित सपा कार्यालय पर कार्यकताओं के साथ बैठक कर वे उनकी नब्ज टटोल रही हैं।





## न्यूज डायरी

### सीतापुर जेल में आजम से मिले अखिलेश, बोले- उनके साथ अन्याय कर रही भाजपा, समय बदलेगा न्याय मिलेगा



**सीतापुर।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार आजम खां के साथ अन्याय कर रही है। उनके परिवार को भी परेशान किया जा रहा है। यह पूरी तरह से अमानवीय है। उन्होंने कहा कि हमें पूरी उम्मीद है कि आजम खां को न्याय जरूर मिलेगा।समय बदलता है। समय बड़ा बलवान होता है। आजम खां के साथ न्याय होगा। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने झूठे मुकदमों का रिकॉर्ड बना दिया है लेकिन अंत में जीत सच्चाई की होती है। अखिलेश यादव शुक्रवार को वरिष्ठ नेता आजम खां से मिलने के लिए सीतापुर जेल गए थे। इसके बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इलेक्टरोल बॉन्ड से भाजपा की सच्चाई बाहर आ गई है। अब पीडीए ही एनडीए को हराएगा। जनता वोट की तारीखों का इंतजार कर रही है। भाजपा की सरकार मुख्यमंत्रियों को जेल भेज रही है लेकिन इलेक्टोरल बॉन्ड से उनकी सच्चाई बाहर आ गई है। अखिलेश यादव की आजम खां से मुलाकात को लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखा रहा है। कहा जा रहा है कि आजम की सहमति मिलने के बाद ही रामपुर के प्रत्याशी पर मुहर लगेगी।

### भाजपा के हरिद्वार लोकसभा प्रत्याशी त्रिवेंद्र रावत ने किया डिजिटल नॉमिनेशन



**हरिद्वार।** बीजेपी के हरिद्वार लोकसभा प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत ने आज डिजिटल नॉमिनेशन किया। प्रेस वार्ता में त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा की प्रधानमंत्री मोदी का डिजिटल इंडिया का सपना अब साकार हो रहा हैं। मां गंगा की पावन भूमि से उत्तराखंड का यह पहला डिजिटल नामांकन शुरू हुआ हैं। डिजिटल नामांकन बजट फ्री हैं साथ ही समय भी बचता हैं। लोकसभा की पांचों सीटों पर सबसे पहले प्रत्याशियों का एलान करने के बाद अब भाजपा ने प्रत्याशियों के नामांकन की तिथियां भी तय कर दी थी। पार्टी अल्मोड़ा लोकसभा सीट से नामांकन का श्रीगणेश करेगी। इस दिन पार्टी प्रत्याशी अजय टम्टा अपना नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन दाखिल करने का यह सिलसिला 27 मार्च तक चलेगा। रिद्वार लोस सीट पर ऑनलाइन प्रक्रिया की शुरूआत हुई। पार्टी प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत ने इस सीट पर आज 22 मार्च को पहले ऑनलाइन नामांकन किया। इसके बाद 23 मार्च कार्यकताओं की भावनाओं के अनुरूप पर्चा दाखिल करेंगे। 26 मार्च को गढ़वाल सीट पर पार्टी उम्मीदवार अनिल बलूनी और टिहरी सीट पर माला राज्य लक्ष्मी शाह पर्चा भरेंगी। नैनीताल संसदीय सीट पर 27 मार्च को पार्टी प्रत्याशी अजय भट्ट नामांकन करेंगे।

### दिल्ली-गगल हवाई रूट पर उड़ानें बढ़ाएगा स्पाइस जेट, पर्यटन सीजन शुरू होने से पहले कंपनी का फैसला



**धर्मशाला।** पर्यटन सीजन को देखते हुए विमानन कंपनी स्पाइस जेट दिल्ली से धर्मशाला के लिए एक और उड़ान शुरू करेगा। यह फ्लाइट 28 मार्च के बाद से शुरू होगी। मौजूदा समय में विमानन कंपनी स्पाइस जेट की दो उड़ानें यहां पहुंच रही हैं, जबकि अब एक और उड़ान जल्द ही शुरू होने जा रही है। वहीं, इससे पहले इंडिगो की दो और एलायंस एयर विमानन कंपनी भी सेवाएं दे रही हैं। गर्मियों का मौसम शुरू होने के साथ ही हवाई उड़ानों के शेड्यूल में भी बदलाव होने जा रहा है। यह बदलाव 28 मार्च से होगा। इस दौरान विमानन कंपनी स्पाइस जेट की उड़ानों में इजाफा होगा।

वहीं, 2 अप्रैल से चंडीगढ़ के लिए हवाई सेवा शुरू होगी। वर्तमान में गगल एयरपोर्ट पर आठ के करीब हवाई उड़ानें आवागमन करती हैं। इनमें स्पाइस जेट की दो, इंडिगो की एक दिन छोड़ कर दो और विमानन कंपनी एलायंस एयर का विमान गगल एयरपोर्ट पर लैंड और टेकऑफ होती हैं, लेकिन अब पर्यटन सीजन में स्पाइस जेट के उड़ानों की बढ़ोतरी के साथ ही आवागम करने वाले उड़ानों की संख्या भी 12 तक पहुंच जाएगी। वहीं, चंडीगढ़ और शिमला के लिए उड़ानें भी यहां से होती हैं, जबकि कई बार विशेष विमान भी गगल एयरपोर्ट पर उतरते हैं। गगल हवाई अड्डे पर 28 मार्च के बाद उड़ानों के शेड्यूल में बदलाव होगा।

### चोरी हुई मूर्ति को पुलिस ने बरामद , चार बाल अपचारियों को किया गिरफ्तार

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में मेरठ रोड स्थित काली पीठ मंदिर से दो दिन पूर्व अष्टधातु की मूर्ति चोरी हुई मूर्ति को पुलिस ने बरामद कर चार बाल अपचारियों को गिरफ्तार किया है। एसीपी मसूरी नरेश कुमार ने बताया कि तीन दिन पूर्व मेरठ रोड स्थित अष्टधातु की मूर्ति चोरी हो गई थी। पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। उन्होंने बताया कि थाना प्रभारी मुकेश सोलंकी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सीसीटीवी के आधार पर मूर्ति चोरी की तलाश शुरू की और कई स्थानों पर दबिश दी गई। एसीपी ने बताया कि पुलिस ने मूर्ति चोरी के मामले में बाल अपचारियों को गिरफ्तार किया है तथा उन्होंने एक कबाडी के बेटे को मात्र 650 रुपयो में अष्टधातु की मूर्ति बेच दी। जिसकी कीमत लाख रुपए थी। पुलिस ने चोरी की गई अष्टधातु की मूर्ति को बरामद कर लिया है। चारों बाल अपचारियों को बल सुधार गृह में भेजा गया है।

### किशोर का चार दिन बाद भी सुराग नही

**लोनी करंट क्राइम।** खरखडी गांव से चार दिन पूर्व खेत पर जाने के लिए निकले 16 वर्षीय किशोर का कोई सुराग नहीं लग सका है। परिजनों ने लोनी थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। लोनी थाने के खरखड़ी निवासी आदेश ने बताया कि उसका 16 वर्षीय पुत्र लक्की 19 मार्च की सुबह सात बजे घर से खेत पर जाने के लिए निकला था, लेकिन ना ही वह खेत पर पहुंचा और ना ही आज तक घर वापस आया। आदेश ने बेटे के अपहरण की आशंका प्रकट करते हुए लोनी थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

# वोटर हेल्पलाइन ऐप से देखें, कब और कहां पड़ेगा आपका वोट

**देहरादून।** आने वाले 19 अप्रैल को कब और कहां मतदान होगा। कौन-कौन से प्रत्याशी आपके लोकसभा क्षेत्र में चुनाव मैदान में हैं, ये जानकारी भी आपको चुनाव आयोग का वोटर हेल्पलाइन मोबाइल एप घर बैठे ही देगा। चुनाव आयोग वोटर हेल्पलाइन एप से ऐसी तमाम सुविधाएं दे रहा है, जिससे मतदाताओं को जानकारी के लिए दौड़ न लगानी पड़े। मतदाताओं का नाम निर्वाचन नामावली में है या नहीं, पहले मतदाताओं को बीएलओ या फिर पार्टियों के कार्यकताओं पर निर्भर रहना पड़ता था। लेकिन अब मतदाता, खुद वोटर हेल्पलाइन एप के जरिए अपने नाम को वोटर लिस्ट में सर्च कर सकते हैं। एप के जरिए मतदाताओं की परेशानियों को आसान और सरल किया गया है। जिसके जरिए जनता, वोटर रजिस्ट्रेशन, वोटर सर्विस, ई-मतदाता कार्ड, चुनाव की जानकारी, प्रत्याशियों की जानकारी, चुनाव के नतीजे के साथ ही शिकायत और सुझाव भी दे सकती है। कुल मिलाकर इस एप में चुनाव संबंधित जनता से जुड़े तमाम चीजों का प्रावधान किया गया है।




### वोटर हेल्पलाइन एप करना होगा डाउनलोड

इसके साथ ही मतदाता का मतदान केंद्र कहां है। उस सीट पर कौन-कौन से प्रत्याशी चुनावी मैदान में खड़े हैं। इसके अलावा मतदाता बनने के लिए भी घर बैठे ही इस एप के जरिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए लोगों को अपने फोन में वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड करना होगा।

# राजनीतिक गहमागहमी के बीच तीन निर्दलीय विधायकों ने विधानसभा पहुंचकर दिया इस्तीफा

**शिमला।** राजनीतिक गहमागहमी के बीच हिमाचल प्रदेश के तीन निर्दलीय विधायकों ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा पहुंचकर अपना इस्तीफा दिया। निर्दलीय केएल ठाकुर, होशियार सिंह और आशीष शर्मा ने अपना इस्तीफा विधानसभा सचिव को सौंपा। इसी के साथ तीनों निर्दलीय विधायकों के त्यागपत्र से राज्य की राजनीतिक में फिर से नए समीकरण बनने के आसार हैं। इनके इस्तीफे से खाली हुई विधानसभा सीटों पर भी चुनाव होंगे।

निर्दलीयों ने आरोप लगाया कि राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी हर्ष महाजन के समर्थन में मतदान करने के बाद से उन्हें सरकार की ओर से परेशानी किया गया। बता दें, नालागढ़ से केएल ठाकुर, देहरा से होशियार सिंह और हमीरपुर से आशीष शर्मा निर्दलीय विधायक थे। वहीं, अयोग्य घोषित कांग्रेस के बागियों से खाली हुई धर्मशाला, सुजानपुर, गगरेट, कुटलैहड़, लाहौल-स्पीति और बड़सर में भी उपचुनाव होने हैं।



### भाजपा से लड़ेंगे चुनाव

अब कुल नौ विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव होना तय है। अयोग्य घोषित कांग्रेस के छह बागियों की सीटों पर उपचुनाव का शेड्यूल पहले ही जारी हो चुका है। निर्दलीय के अनुसार उन्होंने अपने क्षेत्र की जनता के हित में विधायक पद से इस्तीफा दिया है। कहा कि भाजपा से विधानसभा उपचुनाव लड़ेंगे। भाजपा की ओर से जल्द टिकट तय होंगे। देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में आगे बढ़ रहा है। कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा के नेतृत्व पर पूरा विश्वास है। कहा कि एक-दो दिन में भाजपा की सदस्यता लेंगे। इसके बाद निर्दलीय राज्यपाल से मिलने राजभवन रवाना हुए।

# चुनाव आयोग ने सरकार को पत्र लिखकर सुख सम्मान निधि में नए फॉर्म भरने पर रोक लगाने को कहा

**शिमला।** चुनाव आयोग ने भाजपा की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए हिमाचल प्रदेश सरकार को एक पत्र भेजकर आदर्श आचार संहिता लागू होने तक इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत नए फॉर्म भरने पर रोक लगाने को कहा है। 4 मार्च को घोषित इस योजना में 18 से 59 वर्ष की आयु वर्ग की महिलाओं को 1,500 रुपये की मासिक सहायता देने का वादा किया गया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 2022 के विधानसभा चुनावों से पहले किए गए एक चुनावी वादे को पूरा करने के लिए 4 मार्च को इस योजना की घोषणा की थी और कहा था कि इस योजना पर सालाना 800 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, जिससे 5 लाख से अधिक महिलाओं को लाभ होगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने 16 मार्च को कहा कि एमसीसी लागू होने के कारण योजना के तहत नए लाभार्थियों को नहीं जोड़ा जा सकता है। इसके अलावा 1,500 रुपये प्रति माह पेंशन पाने के लिए फॉर्म नहीं भरा जा सकता क्योंकि इसमें मुख्यमंत्री की तस्वीर है। 2 जनवरी को जारी निर्देशों का हवाला देते हुए चुनाव आयोग ने कहा, सरकारी योजनाओं की कोई नई मंजूरी नहीं दी जानी चाहिए या मंत्रियों द्वारा समीक्षा नहीं की जानी चाहिए और चल रही योजनाओं सहित लाभार्थी उन्मुख योजनाओं की प्रक्रिया को चुनाव पूरा होने तक रोक दिया जाना चाहिए। हिमाचल प्रदेश के सामाजिक न्याय और अधिकारिता सचिव को चुनाव विभाग के एक पत्र में इन निर्देशों पर प्रकाश डाला गया, जिसे बाद में एससी, ओबीसी, अल्पसंख्यकों और दिव्यांगों के सशक्तीकरण निदेशक को सूचित किया गया। सचिव की ओर से निदेशक को राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी की इच्छानुसार एमसीसी के लागू होने से पहले प्राप्त, स्वीकृत और लंबित फॉर्मों पर समेकित जानकारी प्रदान करने का निर्देश दिया गया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मासिक सहायता योजना पर रोक लगाने की मांग करते हुए चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी।



विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कांग्रेस संचालित हिमाचल प्रदेश सरकार पर महिलाओं को गुमराह करके राजनीतिक लाभ प्राप्त करने के लिए फॉर्म पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और मुख्यमंत्री की तस्वीरें लगाने का आरोप लगाया, जैसा कि उसने पहले 2022 के विधानसभा चुनावों के दौरान किया था। उधर, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) कांग्रेस के समर्थन में उतर आई थी। सीपीएम नेता और शिमला नगर निगम के पूर्व मेयर संजय चौहान ने पीटीआई को बताया कि योजना को चुनाव की घोषणा से पहले अधिसूचित किया गया था।

# सपा से गठबंधन खत्म होने पर पल्लवी पटेल का बड़ा बयान

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी से अपना दल कमेरावादी का गठबंधन टूटने के बाद पल्लवी पटेल ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर एनडीए से ऑफर मिला तो हम इस पर विचार करेंगे। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन हमारे साथ वही कर रहा है जो नीतीश कुमार के साथ किया। हमने तीन सीट गठबंधन के सहयोगियों से चर्चा के बाद घोषित की थी। अखिलेश ने गठबंधन खत्म होने की बात कही है उसका स्वागत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तय करे कि अपना दल कमेरावादी इंडिया गठबंधन में है या नहीं। एनडीए से ऑफर आया तो सोचेंगे हमें राजनीति करनी है। बता दें कि अपना दल का दूसरा घटक अपना दल सोनेलाल एनडीए का सहयोगी दल है और इसकी राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल हैं। वह केंद्र में मंत्री हैं। अपना दल कमेरावादी की अध्यक्ष उनकी मां कृष्णा पटेल अक्सर खुलकर अपनी बड़ी बेटी अनुप्रिया की सार्वजनिक तौर पर निंदा करती रही हैं।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को अपना दल कमेरावादी से 2024 के लोकसभा चुनाव में गठबंधन न होने का एलान कर दिया। इसके एक दिन पहले कृष्णा पटेल की अगुवाई वाले इस दल ने प्रदेश की तीन लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान कर दिया था। अखिलेश यादव ने कहा कि अपना दल कमेरावादी से विधानसभा चुनाव 2022 के लिए गठबंधन किया गया था 2024 के लिए नहीं। सपा से लोकसभा की सीटों पर बात न बनने पर कृष्णा पटेल ने बुधवार को मिजार्पुर सहित तीन सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। इसके कुछ देर बाद ही सपा ने मिजार्पुर सीट पर अपना प्रत्याशी उतार दिया। कृष्णा पटेल की बेटी पल्लवी पटेल ने सपा के सिंबल पर कौशांबी की सिराथू विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा था और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को हराया था।

### बेगूसराय सीट से कन्हैया कुमार नहीं होंगे इंडी गठबंधन के उम्मीदवार

**पटना।** बेगूसराय से लोकसभा चुनाव लड़ने वाले कन्हैया कुमार का इंडी गठबंधन (बिहार में महागठबंधन) से टिकट कट गया है। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (सीपीआई) ने बेगूराय सीट पर अपने उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर दी। सीपीआई ने पूर्व विधायक अवधेश कुमार राय को उम्मीदवार बनाया है। सीपीआई के राष्ट्रीय महासचिव डी राजा ने इसकी घोषणा कर दी है। पटना में शुक्रवार को उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस बात की जानकारी दी। सूत्रों की मानें तो राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद से हरी झंडी मिलने के बाद ही सीपीआई ने इस सीट से प्रत्याशी के नाम का एलान किया। मीडिया से बातचीत करते हुए सीपीआई के महासचिव डी राजा ने कहा कि हमारी पार्टी के वरीय नेता और पूर्व विधायक अवधेश कुमार राय बेगूसराय से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। उन्होंनें केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि अरविन्द केजरीवाल की गिरफ़्तारी निंदनीय है।

# चुनावी मौसम में जरा देखिए बंगाल को, ममता को नकदी बांटने वाली योजनाओं पर भरोसा

**बंगाल।** संदेशखाली मामले पर पूरे देश में शर्मसार बंगाल के चुनावी अखाड़े में आखिर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एकला चलो रे का ही रास्ता अपनाया। ममता की प्रधानमंत्री पद की महत्वाकांक्षाएं जब-तब पोस्टरों में दिखती रही हैं और उनके उत्तराधिकारी अभिषेक तो आज भी जनसभाओं में 71 साल की बुआ को पीएम पद के लिए योग्य उम्मीदवार बता रहे हैं। दीदी ने गठबंधन के लिए कांग्रेस की करुण पुकार को अनसुना करते हुए अपने 42 प्रत्याशियों की घोषणा करवा दी। चलिए, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी से गठबंधन की बात को अप्राकृतिक मान लेते हैं, पर उनका उदय तो कांग्रेस से ही हुआ है। तृणमूल को लगता है कि वह अकेले ही पीएम मोदी का अश्वमेध का घोड़ा बांध लेगी। 2019 के चुनाव में कांग्रेस को 5.7 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि 2021 के चुनावों में उसे लगभग तीन प्रतिशत मत मिले। लोकसभा चुनाव में तृणमूल को 43.7 और भाजपा को 40.6 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस का पिछला वोट प्रतिशत भले ही मामूली हो, पर राज्य में लंबी उड़ान भरती दिख रही भाजपा को रोकने की कोशिश या प्रयोग वे कर सकती थीं। वामपंथी दल, खासकर सीपीएम का भी अब तक कांग्रेस से कोई चुनावी तालमेल नहीं हो पाया है। वहां भी यही सवाल बाधा बना हुआ है कि वाम वोट तो कांग्रेस को मिल जाते हैं, पर 35 साल तक विपक्ष में रहकर कामरेडों का चाबुक खाने वाले कांग्रेसी अपने घाव नहीं भुला पाते। हां, मुस्लिमों व दलितों में तेजी से जनाधार बढ़ा रहे इंडियन सेक्युलर फ्रंट और वाम दलों से तालमेल की बात चल रही है। ममता को सबसे ज्यादा भरोसा नकदी बांटने वाली सरकारी योजनाओं पर है। हालांकि संदेशखाली कांड के बाद महिलाओं ने मुखर होकर कहा कि अपनी इज्जत और स्वाभिमान के बदले उन्हें यह राशि नहीं चाहिए। बताया जाता है कि सागरदीघी विधानसभा सीट पर उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के जीतने के बाद क्षेत्र में लक्ष्मी भंडार सुविधा बंद कर दी गई थी और दोबारा यह सुविधा तब चालू हुई, जब वहां से जीते कांग्रेस प्रत्याशी बायरन विश्वास तृणमूल में लौटे। सीएए लागू होने के बाद और घायल होने से पहले ममता ने घुमा-फिराकर मंचों से ही ऐलान किया कि नागरिकता के लिए आवेदन करते ही वे अवैध नागरिक हो जाएंगे और राज्य सरकार की सारी सुविधाएं बंद हो जाएंगी। इधर, भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी 2026 के विधानसभा चुनावों के बाद सत्ता में आने पर हर महिला को 3-3 हजार रुपये देने का वादा कर रहे हैं। ममता ने केंद्र की ओर से जनकल्याण की योजनाओं का धन रोक देने को चुनावी मुद्दा बनाया है। हालांकि भाजपा इन योजनाओं में भ्रष्टाचार के मामलों को उछाल रही है। प्रधानमंत्री ने अपनी आरामबाग रैली में साफ कहा कि लूटने वालों को लौटाना ही पड़ेगा। भाजपा पूछ रही है कि बंगाल सरकार अदालत क्यों नहीं जाती? हम देख चुके हैं कि केंद्र से पावना के मामले पर केरल हाल ही में सुप्रीम कोर्ट गया और उसे इस मसले का हल मिला। ममता अपनी दूसरी ताकत बहुचर्चित धर्मनिरपेक्षता को मानती हैं। लेकिन बदले माहौल में यह ताकत कमजोरी के तौर पर देखी जा रही है। संदेशखाली मामले में ईडी टीम पर जानलेवा हमला करवाने वाले शेख शाहजहां को 55 दिन तक पकड़ा नहीं गया, उससे तुष्टीकरण की अवधारणा ही बलवती हुई। वैसे कुछ साल पहले ईद मिलन समारोह में सीएम ममता ने जब मंच से कह दिया कि दुधारू गाय की लात भी सही जाती है, तो इसमें छिपाने लायक कुछ रह नहीं जाता। इसके मुकाबले में राज्य की 70 फीसदी हिंदू आबादी के ध्रुवीकरण की भी संभावना बन सकती है। इस बीच, चुनावों की घोषणा के साथ ही राज्य में रक्तपात शुरू हो चुका है। इस माहौल में एक दिन देश ने यह भी देखा कि घर में गिरकर घायल होने के बाद एक सीएम के माथे से बहता खून सूख जाता है और उनकी पार्टी अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर इसी तस्वीर को सकुर्लेट करती है। ध्यान रहे कि वह तस्वीर अस्पताल की थी और सीएम को घर से एंबुलेंस में नहीं, भतीजे अभिषेक अपनी गाड़ी में लाए। सीएम के घर में थोड़ी-सी रूई, एक बैंडेज और चार बूंद डेटाल का न होना बंगाल की कैसी तस्वीर पेश करता है? मेडिकल बुलेटिन में पीछे से धक्का मारने की थ्योरी भी कम दर्दनाक नहीं है! सहानुभूति लहर की उम्मीद करने वालों के प्रति हमें सहानुभूति रखनी चाहिए।

# हाउस टैक्स वसूली को लेकर नगर निगम के अभियान ने पकड़ा जोर, नगर आयुक्त ने टीम को किया मोटिवेट




**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** नगर निगम में कर वसूली को लेकर बड़े स्तर पर काम चल रहा है जिसमें संपत्ति कर वसूलने के लिए शहरवासियों को लगातार जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने जब से निगम में चार्ज संभाला है संपत्ति कर वसूली का ग्राफ बढ़ा है किंतु फरवरी माह के सापेक्ष मार्च में कम वसूली हुई है। नगर आयुक्त द्वारा टैक्स विभाग के अधिकारियों को मीटिंग बुलाकर मोटिवेट किया गया। जोनल प्रभारियों को विशेष रूप से अपने-अपने क्षेत्र में कड़ी मेहनत करने के निर्देश दिए गए हैं।

सीलिंग की कार्रवाई को बढ़ाने के साथ साथ अधिक से अधिक कैंप लगाएं तथा कोई भी कार्रवाई नियम के तहत करते हुए हाउस टैक्स वसूली को बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव ने बताया कि हाउस टैक्स जमा करने के लिए करदाताओं से लगातार अपील की जा रही है।

31 मार्च के बाद 12% का ब्याज लगेगा इससे बचने के लिए शीघ्र ही मार्च माह के भीतर अपना हाउस टैक्स जमा करने के लिए कहा जा रहा है। नगर निगम द्वारा लगभग 260 करोड़ 85 लाख की वसूली 18 मार्च तक की जा चुकी है, कर वसूली बढ़ाने के लिए नगर आयुक्त ने कड़े निर्देश जारी किए हैं।

वसुंधरा जोन को शेष बचे दिनों में लगभग 17 करोड़, मोहननगर जोन को लगभग 4 करोड़, कविनगर जोन को लगभग 5 करोड़ और सिटी जोन को लगभग 9 करोड़ विजयनगर जोन को लगभग 3 करोड़ की वसूली करनी है।

# अवैध रूप से भूजल दोहन करने वाले दो प्लांट बंद



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** अवैध रूप से भूजल दोहन करने वाले दो प्लांटों को नगर मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में बंद करने की कार्रवाई की गई जिसमें नेक्सा सर्विसेज, मारूति सुजुकी प्लांट नं0 58/4, साइट 4,एएसबी किया सर्बिसेज प्लाट नं0 54/18 साइट 4, को सील किया गया। उपरोक्त बोरवेल को बंद करने के आदेश जिला भूगर्भ जल प्रबन्धन परिषद की बैठक में लिया गया था। इस बैठक में अजय कुमार अम्बष्ट नगर मजिस्ट्रेट, हरिओम अधिशासी



अभियन्ता नोडल अधिकार ग्राउण्ड वाटर पोर्टल, मौ.आरिफ सहायक प्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र, ध्रुवदेव वर्मा प्रयोगशाला सहायक, हिमांशु सिंह अवर अभियन्ता व अन्य टास्क फोर्स अधिकारी उपस्थित रह।

# जयपुरिया सनराइज प्लाजा मार्केट के व्यापारियों ने अतिक्रमण को लेकर की बैठक



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम जयपुरिया सनराइज प्लाजा मार्केट व्यापारियों ने शुक्रवार को मार्केट के अध्यक्ष सोहनवीर सिंह के कार्यालय पर अवैध अतिक्रमण को लेकर बैठक की। बैठक में सभी व्यापारियों ने अपने अपने सुझाव रखे। सभी ने कहा कि स्टाल 5 अप्रैल तक हटाने होंगे। सभी ठेली- पटरी वालों को इसकी लिखित में भी सूचना दी जाएगी । मार्केट के अध्यक्ष सोनवीर सिंह ने कहा मार्केट में जो अवैध अतिक्रमण लोगों द्वारा किया है उसके विरोध में जीडीए को शिकायत करेंगे। अतिक्रमण के कारण आने जाने वालों को जो परेशानी होती है, उसका समाधान निकालेंगे। दुकानों के सामने सड़क किनारे जो अवैध रेहड़ी पटरी वालों ने अतिक्रमण कर रखा है उसका सभी व्यापारियों ने विरोध किया और उसे निरंतर हटवाने की मांग की। इस मौके पर मार्केट अध्यक्ष सोहनवीर सिंह, उपाध्यक्ष तरुण शर्मा, हितेश मोदी कोषाध्यक्ष, डीसी शर्मा, अशोक शर्मा पुष्पेंदर त्यागी, डॉ. ग्रीस यादव, डॉ. अपूर्वा शर्मा, एसके गुप्ता, आशीष द्विवेदी, गजेंदर शर्मा , धर्मेन्द्र कुमार, सागर आनंद, कन्नू अग्रवाल, कौशिक गारमेंट, नितिन मल्होत्रा, पवन नागर आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों ने करहैड़ा गांव में पौधरोपण कर लोगों को किया जागरूक




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एनएसएस इकाई द्वारा सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन गुरुवार को करहैंड़ा गाँव में पौधरोपण अभियान चलाया गया। एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों एवं संस्था के विद्यार्थियों ने गांव में अलग-अलग स्थानों पर पौधरोपण किया। विभिन्न प्रकार के 100 से ज्यादा छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। पौधरोपण अभियान को लेकर मोहन नगर के आईटीएस इंस्टीटयूट में हुई पर्यावरण संरक्षण बैठक में कई जगह पौधे लगाने का निर्णय लि या गया। आईटीएस के निदेशक डॉ0 सुनील कुमार पाण्डेय ने पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते कहा कि व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए।

पौधों की देखभाल करना भी हमारा कर्तव्य है, जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ पर्यावरण एवं जलवायु प्राप्त हो सके। प्रकृति में संतुलन बनाये रखने के लिए तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत जरूरी है। वाइस प्रिंसिपल प्रो0 नैंसी शर्मा ने कहा हम सभी को अपने जीवन में एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। कार्यक्रम के संचालक प्रो0 अमित शर्मा ने बताया कि पर्यावरण को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाये रखने के लिए वृक्षारोपण अत्यन्त आवश्यक है।

कार्यक्रम में संस्था के शिक्षक तथा कर्मचारी प्रो. अमित शर्मा, प्रो.रवि गोविल, विकास त्यागी, डॉ. संदीप गर्ग, प्रो. विकास कुमार, प्रो.आदिल खान, प्रो. प्रशान्त त्यागी, एवं बीबीए तथा बीसीए पाठ्यक्रमों के 50 छात्रों ने भाग लिया।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में गाजियाबाद, हापुड़, बागपत, बड़ौत, बुलन्दशहर इत्यादि जगहों से 320 से भी अधिक शिक्षक सम्मिलित हुए। आयोजन का उद्देश्य शिक्षक जगत को सम्मानित करना एवं शिक्षकों का समाज के प्रति योगदान पर चर्चा करना था। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वन्दना और दीप प्रज्जवलन के साथ की गई। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रो.डॉ.आरके खंडाल, वाइस चांसलर.डॉ. शक्ति कुमार, डायरेक्टर जनरल जमील अहमद, डीन एकेडमिक डॉ. विभा, प्रो. राकेश सपरा, प्रो.डॉ.संदीप गुप्ता, डॉ. अवधेश प्रताप सिंह, डायरेक्टर एडमिन सुमित कुमार सिंह, हेड सी.आर.सी. प्रो.अमित भारद्वाज, डिप्टी डायेक्टर सुधीर शर्मा, सीनियर मैनेजर गौरव सचान, डॉ. अमित कौशिक, शतिक्षा अग्रवाल, एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# आईटीएस में यंग टैलेंट हंट प्रतियोगिता का आयोजन




**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** मोहननगर स्थित आईटीएस इंस्टीटयूट में यंग टैलेंट हंट प्रतियोगिता ग्रैंड फिनाले का आयोजन शुक्रवार को किया गया। आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. विवेकानन्द शुक्ला संयुक्त आयुक्त जीएसटी, आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के निदेशक पीआर सुरिंदर सूद, इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के निदेशक डॉ. वी एन बाजपाई, कोर्डिनेटर डॉ. नितिन सक्सेना एवं डॉ. सुरेंद्र तिवारी न दीप प्रज्वलन कर किया। ग्रैंड फिनाले यंग टैलेंट हंट के उद्घाटन अवसर पर डॉ नितिन सक्सेना ने कार्यक्रम के प्रमुख उद्देश्य एवं रूप रेखा पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता के प्रथम चरण में दिल्ली, एनसीआर एवं उत्तर प्रदेश के 50 से अधिक शिक्षण संस्थानों से लगभग 2200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रारंभिक चयन प्रक्रिया के बाद ग्रैंड फिनाले के लिए 350 चयनित किये गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. विवेकानन्द शुक्ला ने छात्रों को कहा कि हमारे जीवन में अनुशासन की भूमिका सुव्यवस्था, दक्षता, समय की पाबंदी, संगठन स्थापित करना और अपने कार्यों पर ध्यान केंद्रित करना है। संस्थान के निदेशक डॉ.वी एन बाजपाई ने सभी चयनित छात्रों को अपना धन्यवाद प्रकट किया। साथ ही सभी छात्रों एवं सहभागियों की टाइम मैनेजमेंट एवं सेल्फ मैनेजमेंट की प्रेरणा दी तथा आयोजन टीम के सभी सदस्यों का मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैनआर पी चड्ढा ने प्रसनत्ता व्यक्त की।वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने सभी चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दीं। ग्रैंड फिनाले की समाप्ति पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले क्रमशः अमन, ज्योति कुमारी, मुनेश पाल को पुरस्कार स्वरूप 10000/, 7500/ एवं 5000/ रुपये का नकद पुरस्कार और तीन छात्रों प्रिया, दिव्यांशी और हिमांशी को उनकी प्रतिभा के आधार पर 1000/ रुपये का सांत्वना पुरुस्कार तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# कलर के अनुसार होली खेलने के लिए चुनें भाग्यशाली रंग, जीवन में आएंगे सकारात्मक बदलावः आचार्या सीमा शर्मा



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** आस्था और आनंद का पर्व होली इस बार 25 मार्च को मनाई जाएगी और होलिका दहन के दूसरे दिन धुलहैड़ी यानि रंगों का उत्सव मनाया जाता है। आचार्या सीमा शर्मा कंसलटेंट ने बताया कि इस दिन सब लोग रंग,गुलाल और फूलों से होली खेलकर इस त्योहार को जीवंत रूप देते हैं।

हमारे जीवन में रंगों का खास महत्व होता है। रंगों का उचित चयन हमें सकारात्मक ऊर्जा और मानसिक शांति देता है। वहीं ज्योतिष शास्त्र में हर रंग के लिए भाग्यशाली रंग माने गए हैं जिनके इस्तेमाल से उस राशि के जातकों को हर कार्य में सफलता मिल सकती है। आइए जानते हैं राशि के अनुसार आपके भाग्यशाली रंग कौन-कौन से हैं। पीले, लाल, गुलाबी या केसरिया रंग से होली खेलने से जन्म कुंडली में बृहस्पति जन्म दोष शांत होंगे। लाल, केसरिया, गुलाबी, पीले या इससे मिलते हुए रंगों से होली खेलना बेहद शुभ रहेगा।

सिल्वर, गुलाबी, क्रीम, लाल या सैफ्रॉन कलर की गुलाल और रंगों से होली खेलना श्रेष्ठ रहेगा।

होली खेलने में लाल, पीले, गुलाबी और केसरिया रंग का इस्तेमाल करना अच्छा रहेगा। ऐसा करने से आपको अपने सोचे हुए काम में सफलता मिलेगी और पति-पत्नी के बीच संबंध भी मधुर बनेंगे।

# कूड़े के विरोध में चुनाव का बहिष्कार करेंगे ग्रामीण



● महिलाएं नहीं मनाएंगी होली का पर्व




**मुरादनगर करंट क्राइम।** शहर का कूड़ा पाइपलाइन मार्ग स्थित गांव भिक्कनपुर में डालने के विरोध में 16 गांवों की पदयात्रा आठवें दिन भी जारी रही। ग्रामीणों ने सर्व सम्मति से होली पर्व ना मनाने का फैसला लिया है। सैकड़ों महिलाओं ने पदयात्रा में भाग लिया। नुक्कड़ सभा में महिलाओं ने चेतावनी दी है कि कूड़ा नहीं हटा तो लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा। गाजियाबाद शहर का कूड़ा पाइप लाइन मार्ग स्थित गांव भिक्कनपुर में डाला जा रहा है। इसके चलते गांव भिक्कनपुर में कूडे.का पहाड़ बन गया है। कूड़े के पहाड़ को हटाने के लिए 16 गांवों के लोग काफी समय से आंदोलन कर रहे हैं। ग्रामीण जनजागरण चलाने के लिए 16 गांवों में पदयात्रा कर रहे हैं। शुक्रवार को पदयात्रा आठवें दिन गांव भदौली पहुंची। यात्रा के पहुंचने पर पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। गावं भदौली में प्रवीण त्यागी व शिवराज त्यागी के आवास पर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। नुक्कड़ सभा की अध्यक्षता समिति के उपाध्यक्ष सीताराम शर्मा व संचालन कृष्ण देव आर्य ने किया। सभा में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि 16 गांवों के ग्रामीण होली का पर्व नहीं मनाएंगे। उन्होंने कहा कि जब तक कूड़े का स्थाई निस्तारण नहीं हो जाएगा ,तब तक कोई त्योहार नहीं मनाया जाएगा। शुक्रवार को सैकड़ों महिलाएं पदयात्रा में शामिल हुईं। इस मौके पर मन्तराम नागर,दक्ष नागर ,बूटन त्यागी, विक्रांत चौधरी, मांगेराम नेता, शिवराज त्यागी व सलेक भईया सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# बदमाशों ने मकान का ताला तोड़कर किए नकदी व जेवरात चोरी

**मुरादनगर करंट क्राइम।** थाना क्षेत्र के गांव हिसाली में मकान का ताला तोड़कर बदमाश 50 हजार रुपए की नकदी व लाखों के सोने के जेवरात ले गए। वारदात के समय परिवार के लोग बाहर गए हुए थे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। गांव हिसाली निवासी हर्ष कुमार अपनी पत्नी हिंमाशी व मां रेखा देवी के साथ रहते हैं।

हिमांशी नौकरी करती है ,इसलिए वह ड्यूटी गई थी। दोपहर के समय रेखा देवी अपनी देवरानी के पास गई थी। जब वह वापस आई तो मकान का ताला टूटा हुआ था। कमरे में सेफ व लॉकर का ताला भी टूटा हुआ था। हर्ष कुमार ने बताया कि बदमाश 50 हजार रुपए की नकदी ,साढ़े छह लाख रुपए के सोने के जेवरात व अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

# ठगी करने वाले 20 हजार के ईनामी को पुलिस ने दबोचा

## आरोपी पांच साल से चल रहा था फरार



**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में नौकरी लगवाने के नाम पर सवा बारह लाख रुपए ठगने के मामले में पांच साल से फरार चल रहे बीस हजार के ईनामी आरोपी को पुलिस ने नोएडा से दबोच लिया है। पकड़ा गया आरोपी नाम बदलकर नोएडा में सिक्योरटी गार्ड की नौकरी कर रहा था। जिला देवरिया के थाना लार के गांव अमोना निवासी राहुल मिश्रा ने नौकरी लगवाने के नाम पर कई लोगों से ठगी की थी। उसने सन 2019 में आदित्य पांडेय नामक युवक से सरकारी विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर साढ़े बारह लाख रुपए ठग लिए थे। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब नौकरी नहीं लगी तो पीड़ित ने अपने पैसे मांगने शुरू कर दिए। आरोपी राहुल मिश्रा पीड़ितों को बहकाता रहा और पैसे नहीं दिए और एक दिन फरार हो गया। इसके बाद पीड़ित ने थाने में सन 2019 में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। उसे पकड़ने के लिए पुलिस काफी समय से प्रयास कर रही थी। डीसीपी ग्रामीण ने राहुल मिश्रा पर बीस हजार रुपए का ईनाम रख दिया था। बीस हजार के ईनामी को पकड़ने के लिए स्वाट टीम को लगाया गया। स्वाट टीम ने शुक्रवार को उसे नोएडा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से पता कर रही है कि उसने किस किस से ठगी की है।

# सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत




**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें सभी बच्चों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राशिका ने बताया कि उनकी बेटी भी इसी विद्यालय में पढ़ती है और सभी अध्यापिकाएं व प्रभारी प्रधानाचार्य कोमल गर्ग बच्चों की यथा संभव मदद करती हैं। उन्होंने कहा कि आज उन्हें यहां पर एक अभिभावक के रूप में नहीं बल्कि अतिथि के रूप में सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि सुरेखा ने भी सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय की प्रबंध समिति ने अतिथि अभिभावकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विद्या के इस मंदिर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-रजक, अनमोल, इफरा, युविका, रिफा, सादिक, अलबख्श, अली अहमद, अरहम, सुमैया, माहिरा, आलिया, सूवाहलिया आफिया रहे। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र- ईरा, मुकुल , शाहजैन, रूहान, रिमशा, नाहिद, आरिश, आयरा, मुसाली, सनाया, आयत, देवांश गर्ग, माहिन, शायबा, आरफ रहीं तो वहीं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र- जिया, इनाया, अदिना, अली, सक्षम, अदिना, माहद परवेज, हुमेरा, अदिना, अरहम, अरहम राजा, अफशरा, अविका भारतीय, कनिष्का, अदनान, तुबा आदि सभी छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । विद्यालय के अध्यक्ष विनोद जिंदल ने सभी छात्र - छात्राओं के अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए शिक्षकों को बधाई दी और छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य महेश बाबू ने भी सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप हमेशा अपने पथ पर ऐसे ही आगे बढ़ते रहें और देश और समाज का नाम रोशन करें । विद्यालय के प्रभारी रमाशंकर उपाध्याय ने सभी छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और रिजल्ट शत प्रतिशत रहने पर विद्यालय की सभी अध्यापिकाओं को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर प्रबंध समिति, अभिभावक व विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## मोबाइल टावरों से लगातार चोरी हो रहे हैं आरआरयू और उपकरण

**लोनी, करंट क्राइम।** मोबाइल टावरों से लगातार आरआरयू और उसके सहायक उपकरण चोरी हो रहे हैं। गत दो माह के दौरान चोरों ने आधा दर्जन मोबाइल टावरों को अपना निशाना बनाया है, लेकिन चोरों का सुराग नही लग रहा है। कंपनी के प्रतिनिधि ने रिपोर्ट दर्ज करा दी है। नोएडा की शिवम इन्फोकोम प्रा0 लि0 के टैक्नीशियन दीपक ने बताया कि उनकी कम्पनी का एक मोबाइल टावर अंकुर विहार थाने की ऋषि मार्किट कॉलोनी में लगा हुआ है। इस टावर से 16 मार्च की रात दो आरआरयू और उनके सहायक उपकरण चोरी कर लिए गए हैं। जबकि 15 मार्च को अलियाबाद रोड पर लगे एयरटेल टावर से एक आरआरयू तथा सहायक उपकरण चोरी कर लिए गये। इससे पूर्व 15 मार्च को ही गढ़ी कटैया गांव के पास दादी भोई फार्महाऊस में लगे इंडस कम्पनी के टावर से तीन आरआरयू तथा सहायक उपकरण चोरी कर लिए गए। जबकि इसी टावर से 12जनवरी तथा 26 फरवरी को एक एक आरआरयू और सहायक उपकरण चोरी कर लिए गए थे। इसके अलावा अलियाबाद रोड पर लगे एयरटेल मोबाइल टावर से छह जनवरी को एक आरआरयू चोरी कर लिया गया था। कम्पनी प्रतिनिधि दीपक ने बताया कि मोबाइल टावरों से लगातार आरआरयू चोरी हो रहे हैं, लेकिन पुलिस किसी भी घटना का सुराग नही लगा पाई है, जबकि रिपोर्ट भी महीनों बाद दर्ज की है।

## प्रतिबंधित पशुओं के मांस और अवशेष से भरा वाहन पकड़ा

**लोनी करंट क्राइम।** प्रतिबंधित पशुओं का वध कर मांस और उनके अवशेष ले जा रहे वाहन को गऊ रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया है। जबकि वाहन चालक और उसका सहायक मौके से भागने में सफल रहे। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गऊ रक्षा दल के कार्यकर्ता अंकित चौधरी, अन्नू चौधरी, दक्ष चौधरी,अभि प्रजापति आदि ने बताया कि गुरुवार रात करीब एक बजे उन्हें एक बोलेरो पिकअप गाड़ी में प्रतिबंधित पशुओं का मांस और अवशेष ले जाने की सूचना मिली थी। उन्होंने उस गाड़ी का पीछा कर लोनी बॉर्डर थाने के पीछे मेट्रो पिलर न0 12 के पास पकड़ लिया। गाड़ी का चालक और सहायक मौके से पैदल भागने में सफल रहे। गाड़ी के अंदर करीब चार पांच प्रतिबंधित पशुओं का मांस और अवशेष भरे हुए थे। उन्होंने पुलिस को बुलाकर गाड़ी उनके सुपुर्द कर दी है। जबकि पुलिस ने मांस और अवशेषों का पशु चिकित्सक से पोस्टमार्टम करा दिया है। एसीपी भास्कर वर्मा का कहना है कि गऊ रक्षा दल के कार्यकताओं की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# होली का त्योहार आपसी सद्भावना का त्यौहार है: पंडित आरडी शर्मा




**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** आज कस्बा दोघट जनपद बागपत में राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ में महिला विंग की नगर अध्यक्ष मंजू शर्मा के नेतृत्व में एक होली मिलन समारोह किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आए संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित आरडी शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि होली आपसी सौहार्द और सद्भावना का त्यौहार है। उन्होंने कहा कि होली को बड़े प्रेम पूर्वक आपसी भाईचारा बनाते हुए मनानी चाहिए। होली में किसी तरह के हुड़दंग नहीं होने चाहिए। उन्होंने सभी बहनों से संकल्प कराया कि यदि परिवार में कोई नशा करता हो तो इसकी लत को छुड़वाने का धीरे-धीरे प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि ब्राह्मण वही है जो सात्विक भोजन करे, समस्त समाज का ध्यान रखे। नगर अध्यक्ष मंजू शर्मा ने बताया कि हमारी संस्था आर्थिक रूप से गरीब परिवार की बेटियों की शादी करती है। बीए, बीएससी, बीकॉम बीबीए निशुल्क कराती है। समारोह में सैकड़ो भाई बहनों ने भाग लिया। समारोह में मुख्य रूप से आरती, कुसुम, नीरज, अंजू ,रेनू ,सोनिया, कविता, डॉ. पवन आदि उपस्थित रहे।